


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
MPHIN/2021/83938
नई सोच नई पहल
ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 297 | ग्वालियर, गुरुवार 17 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




# दिल्ली की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।**इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग और एकजुट होकर चुनाव लड़ने से पहले ही दरार पड़ती नजर आ रही है. क्योंकि कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वह दिल्ली की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी. 16 अगस्त (बुधवार) को दिल्ली में कांग्रेस की आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया है कि पार्टी दिल्ली की सभी 7 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी. बैठक के बाद कांग्रेस प्रवक्ता अलका लंबा ने कहा कि तीन घंटे की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई है. इसमें सबसे अहम सुझाव दिया गया है कि दिल्ली की सभी लोकसभा सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी. लांबा ने कहा कि हमें यह निर्देश मिला है कि सात महीने.. सात सीटों पर चुनाव की तैयारी शुरू कर देनी है. क्योंकि जिसकी दिल्ली होती है उसी का देश होता है.




अलका लांबा ने आगे कहा कि पूरे देश में भाजपा के खिलाफ लोग कांग्रेस को विकल्प के तौर पर देख रहे हैं. क्योंकि हमारे नेता राहुल गांधी ने साफ तौर से कहा है कि आप सातों सीटों पर लड़कर पहले नंबर पर भी आ सकते हैं.अलका लांबा ने आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधा. लांबा ने कहा कि आम आदमी पार्टी का जन्म ही कांग्रेस को कोसते हुआ है. उनके नेता लगातार कांग्रेस के खिलाफ बोलते रहे हैं. हमारा वोटबैंक आम आदमी पार्टी के पास है. आप के तो बड़े-बड़े नेता जेल में हैं. मुख्यमंत्री के ऊपर भी खतरा मंडरा रहा है. इस मुद्दे पर भी चर्चा की गई है. हमारा मुख्य फोकस दिल्ली की लोकसभा सीटों पर है. हम उस दिशा में तैयारी कर रहे हैं.

## नकली दस्तावेज, 55 इमारतें, करोड़ों का घोटाला... मंबई में पुलिस ने शुरू की फर्जी बिल्डरों की धरपकड़




महाराष्ट्र पुलिस ने जाली सरकारी कागजातों से बनाई गई इमारतों के महाघोटाला मामले में जांच शुरू कर दी है. इसमें 55 से ज्यादा बहुमंजिला इमारतें अवैध हैं और करोड़ों के घोटाले का अनुमान लगाया गया है. इस मामले की जांच के बाद महानगर पालिका के अधिकारियों की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं. दरअसल, मुंबई के पास वसई विरार शहर में एक बड़े घोटाले का मामला सामने आया है. अब यहां धीरे-धीरे बिल्डर्स का फर्जीवाड़ा सामने आने लगा है. शहर में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सैकड़ों इमारतें खड़ी कर दी गई हैं. पता चला है कि 55 से ज्यादा इमारतें जो बनाई गई हैं वो फर्जी सरकारी दस्तावेजों की मदद से बनी हैं. इस घोटाले के सामने आने के बाद हजारों परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. एबीपी न्यूज़ के मुताबिक, अनुमान है कि करीब 3000 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है. पालघर के वसई विरार पुलिस ने इस मामले में उस जालसाज को गिरफ्तार किया है, जिसने नकली मुहर, नकली लेटर पैड का इस्तेमाल करके जाली सरकारी कागजात बनाए थे.

## बीएस एफ जवान चेतन सिंह को रेलवे ने किया बर्खास्त, चलती ट्रेन में 4 लोगों की हत्या करने का आरोप

**जयपुर**-मुंबई एक्सप्रेस रेल में गोलीबारी के आरोपी और आरपीएफ के कांस्टेबल चेतन सिंह को रेलवे ने बुधवार (16 अगस्त) को सर्विस से बर्खास्त कर दिया. चेतन ने चलती ट्रेन में अपने सीनियर टीकाराम मीणा सहित 3 अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी. टीकाराम मीणा के अलावा मृतकों की पहचान पालघर के नालसोपोरा में रहने वाले अब्दुल कादरभाई मोहम्मद हुसैन भानपुरवाला (58), बिहार के मधुबनी के निवासी असगर अब्बास शेख (48) और सैयद एस. (43) के रूप में हुई थी. पूरे मामले में आरोपी चेतन सिह इस वक्त बोरीवली कोर्ट के आदेश के बाद न्यायिक हिरासत में है.



**गन प्वाइंट पर बुलवाया जय माता दी**-इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, चेतन सिंह ने रेल में गन प्वाइंट पर बुर्का पहनी महिला को धमकाकर जय माता दी भी बुलवाया था. पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, केस की जांच कर रही जीआरपी ने महिला की पहचान कर ली और उसका बयान दर्ज किया है. घटना की पूरी रिकॉर्डिंग सीसीटीवी में दर्ज हुई है. मामले का एक कथित वीडियो भी सामने आया था. इसमें चेतन सिंह शव के बगल में खड़े होकर कह रहा है, %% ये लोग पाकिस्तान से ऑपरेट हुए हैं. मीडिया यही कवरेज दिखा रहा है. उनको सब पता चल रहा है कि ये क्या कर रहे हैं. वोट देना है, अगर हिंदुस्तान में रहना है तो मैं कहता हूं कि मोदी और योगी है, ये दो है.

**मामला क्या है**-महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन के पास जयपुर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस में ये घटना सोमवार (31 जुलाई) को हुई थी. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, चेतन सिंह ने पहले बी5 कोच में आरपीएफ के सहायक उप-निरीक्षक टीकाराम मीणा और एक दूसरे यात्री को गोली मारी. उसने बाद उसने दो लोगों को और मारा.

## बीजेपी ने चौंकाया! पहली बार चुनाव की घोषणा से पहले उम्मीदवारों के सेलेक्शन में जुटी, दिल्ली में हुई बैठक

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का अभी ऐलान भी नहीं हुआ है, लेकिन बीजेपी चुनाव समिति की बैठक कर उम्मीदवारों के चयन में जुट गई है. बीजेपी के चुनावी इतिहास में ऐसा पहली बार है जब चुनाव की घोषणा से पहले उम्मीदवारों के सेलेक्शन में पार्टी जुटी है. बीजेपी चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की क्ष् ष्ट और ष्ठ कैटेगरी की कुल 27 विधानसभा सीटों को लेकर चर्चा हुई. सभी के लिए उम्मीदवारों के पैनल पर भी चर्चा की गई है.बता दें कि विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बुधवार (16 अगस्त) को दिल्ली में हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ की बी, सी और डी कैटेगरी की सीटों पर विस्तार से चर्चा हुई. बीजेपी ने चार कैटगरी बनाई हैं. ए कैटगरी का मतलब है- जहां जीत मिली.

**किस कैटेगरी में कितनी सीटें**-सूत्रों के मुताबिक, चर्चा में राज्य इकाई की तरफ से सीटों के कैटेगराइजेशन को केंद्रीय चुनाव समिति के सामने रखा गया. जिन 27 सीटों को लेकर चर्चा हुई, उनमें से कुल 22 सीटें बी और सी कैटेगरी और 5 सीटें डी कैटेगरी में विभाजित की गई हैं. बी, सी और डी कैटेगरी की सीटों का मतलब क्या हैबी कैटेगरी में उन सीटों को रखा गया है जिन पर बीजेपी उम्मीदवार कभी हारे और कभी जीते हैं, सी कैटेगरी में उन सीटों को रखा गया जिन्हें पार्टी दो बार से ज्यादा हारी है, डी कैटेगरी में उन सीटों को रखा गया है जिन पर बीजेपी कभी नहीं जीती है. इन कमजोर सीटों पर उम्मीदवारों के नामों के पैनल पर भी चर्चा हुई है.करीब डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक में छत्तीसगढ़ की इन 27 सीटों पर उम्मीदवारों के पैनल के अलावा स्थानीय मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई. सूत्रों के मुताबिक, हर सीट पर जातिगत समीकरण को ध्यान में रखकर जिताऊ उम्मीदवारों के नामों पर भी चर्चा की गई है, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि इन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कब की जाएगी.




**2018 के छत्तीसगढ़ चुनाव में ऐसा रहा था रिजल्ट**-बता दें कि 2018 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में बीजेपी को करारी हार का सामना करना पड़ा था. तब बीजेपी को 90 विधानसभा सीटों में से सिर्फ 15 पर जीत मिली थी, जबकि कांग्रेस ने राज्य के चुनावी इतिहास में सबसे ज्यादा 68 विधानसभा सीटें जीतकर सरकार बनाई थी. हालांकि, उसके तुरंत बाद हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने जबरदस्त वापसी करते हुए 11 सीटों में से 9 सीटें जीती थीं. अब बीजेपी समय से पहले चौकन्ना होकर चुनाव की तैयारी में जुट गई है और पिछले लोकसभा चुनाव की जीत को इस बार विधानसभा में बदलना चाहती है.

## राहुल गांधी को मोदी सरनेम मामले में एक और राहत, हाई कोर्ट ने दिया ये निर्देश



हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद अब राहुल गांधी की तरफ से उनके वकील निचली अदालत में उपस्थित हो सकेंगे. इस संबंध में राहुल गांधी की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी. इसमें निचली अदालत के उक्त आदेश को चुनौती दी गई थी. जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें कुछ शर्तों पर निचली अदालत के समक्ष अपने वकील के माध्यम से प्रतिनिधित्व करने की अनुमति दी. हाई कोर्ट ने राहुल गांधी को चेतावनी दी कि उनकी अनुपस्थिति में जिन गवाहों से पूछताछ की गइ

## अवैध संबंध का झूठा आरोप क्रुरता, जो.., दिल्ली हाई कोर्ट की अहम टिप्पणी




दिल्ली हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अवैध संबंध का झूठा आरोप निश्चित रूप से क्रूरता है, जो कि प्रतिबंबित करता है कि पति-पत्नी के रिश्तों में भरोसा और निष्ठा खत्म हो चुकी है जिसके बिना वैवाहिक संबंध जारी नहीं रह सकते. उच्च न्यायालय ने इसी के साथ एक व्यक्ति को पत्नी के '' घोर मानसिक उत्पीड़न''करने के आधार पर परिवार अदालत के दिए गए तलाक के फैसले को बरकरार रखा. कोर्ट ने यह भी कहा कि जीवनसाथी के साथ रहने से इनकार भी घोर क्रूरता के समान है.

**दिल्ली हाई कोर्ट ने क्या कहा**-फैसले में कहा गया कि महिला ऐसा कोई सबूत देने में असफल रही जिससे साबित हो कि पुरुष का कभी अवैध संबंध था. साथ ही कहा कि ''यह वैवाहिक संबंध को खत्म करने वाली अंतिम चोट के समान है.''

कोर्ट ने कहा, ''जब अवैध संबंध होने का कोई सबूत नहीं हो और लापरवाही से आधारहीन आरोप लगाए जाएं तो यह गंभीर मामला है, यह मानसिक क्रूरता का कारण हो सकता है. तलाक का आधार प्रदान करता है.''जज सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने ये बात बोली. अदालत ने परिवार अदालत के तलाक की मंजूरी देने के फैसले के खिलाफ महिला की ओर से दाखिल अपील को खारिज करते हुए कहा कि निचली अदालत के फैसले में सटीक कारण बताए गए हैं और यह ठोस आधार पर है, ऐसे में उसमें हस्तक्षेप का कोई कारण नहीं है.

**मामला क्या है**-झारखंड में इस व्यक्ति और महिला की 2009 में शादी हुई थी और 2010 में उनकी बेटी पैदा हुई. व्यक्ति ने परिवार अदालत में तलाक की अर्जी दी और आरोप लगाया कि पत्नी छोटे-छोटे मुद्दे पर लड़ती है. उसने यह भी आरोप लगाया कि पत्नी ने उसे और उसके माता-पिता को जहर देने की कोशिश की और खुद भी आत्महत्या का प्रयास किया.उसने आरोप लगाया

# संसद राष्ट्रपति शासन के दौरान दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने के लिए कानून बना

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (16 अगस्त) को सवाल किया कि क्या संसद 2018-2019 में राष्ट्रपति शासन के दौरान जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम लागू कर सकती थी. इस अधिनियम के जरिये पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था. जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक पांच अगस्त, 2019 को राज्यसभा में पेश किया गया और पारित किया गया था. अगले दिन लोकसभा में पेश किया गया और पारित किया गया था. इसे नौ अगस्त, 2019 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली थी.

**अनुच्छेद 370 को निरस्त के मामले पर सुनवाई**-चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-जजों की पीठ ने जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राजीव धवन से यह सवाल पूछा. इस पार्टी ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने के अलावा 19 दिसंबर, 2018 को पूर्ववर्ती राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाये जाने और तीन जुलाई, 2019 को इसे छह महीने के लिए बढ़ाये जाने का भी विरोध किया है.

**चीफ जस्टिस ने पूछा सवाल**-चीफ जस्टिस ने धवन से पूछा, ÷क्या संसद अनुच्छेद 356 की उद्घोषणा के लागू रहने की अवधि के दौरान अपनी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए कोई कानून (जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम) बना सकती है.÷ धवन ने जवाब दिया कि संसद संविधान के अनुच्छेद 3 और 4 में वर्णित सभी सीमाओं के अधीन एक कानून पारित कर सकती है.पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत शामिल थे. धवन ने पीठ को बताया कि संविधान के अनुच्छेद 3 और 4 के तहत नए राज्यों के गठन और मौजूदा राज्य के क्षेत्रों, सीमाओं या नामों में बदलाव से संबंधित एक अनिवार्य शर्त है जहां राष्ट्रपति को मामले को राज्य विधायिका के पास भेजना होता है.



**सुनवाई के दौरान और क्या कुछ हुआ**-अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के छठे दिन धवन ने कहा, ÷जम्मू कश्मीर के पुनर्गठन, 2019 से संबंधित अधिसूचना ने अनुच्छेद 3 के अनिवार्य प्रावधान (राष्ट्रपति द्वारा राज्य विधानमंडल को भेजे जाने) को निलंबित करके अनुच्छेद 3 में एक संवैधानिक संशोधन कियाउन्होंने कहा कि केंद्र ने वस्तुत- संविधान में संशोधन किया है और संपूर्ण जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 3 और 4 से सामने आया है. सीजेआई चंद्रचूड़ ने धवन से पूछा, ÷हम संविधान की धारा 356 (1) (सी) से कैसे निपटते हैं? क्या राष्ट्रपति के पास अनुच्छेद 356 के तहत उद्घोषणा लागू रहने के दौरान संविधान के कुछ प्रावधानों को निलंबित करने की शक्ति हैधवन ने कहा, ÷हां, राष्ट्रपति संविधान के किसी प्रावधान को निलंबित कर सकते हैं, लेकिन यह उद्घोषणा की अनुपूरक होनी चाहिए. इस मामले में यह पूरक होने से परे है और अनुच्छेद 3 के तहत अनिवार्य प्रावधान को वास्तव में हटाया गया.चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने धवन से कहा कि यदि राष्ट्रपति किसी उद्घोषणा में संविधान के किसी प्रावधान के क्रियान्वयन को निलंबित कर देते हैं, तो क्या यह इस आधार पर अदालत में निर्णय के योग्य है कि यह आकस्मिक या पूरक नहीं है.वरिष्ठ वकील ने उत्तर दिया, ÷मैंने कभी ऐसा प्रावधान नहीं देखा जो वास्तव में एक अनिवार्य प्रावधान को हटा देता हो. यह असाधारण है. यदि आप अनुच्छेद 356(1)(सी) के दायरे का विस्तार करते हैं, तो आप कहेंगे कि राष्ट्रपति के पास संविधान के किसी भी भाग में संशोधन करने का अधिकार है. अनुच्छेद 356(1)(सी) को एक अनिवार्य प्रावधान के साथ पढ़ा जाना चाहिए जिसे वह कमतर नहीं कर सकता.÷

**गुरुवार को भी होगी सुनवाई**-लगभग चार घंटे तक दलील देने वाले धवन ने कहा कि राष्ट्रपति शासन के दौरान अनुच्छेद 3 और 4 और अनुच्छेद 370 को लागू नहीं किया जा सकता है. सुनवाई बेनतीजा रही और गुरुवार को भी जारी रहेगी.सुप्रीम कोर्ट ने 10 अगस्त को कहा था कि अक्टूबर 1947 में पूर्व रियासत के विलय के साथ जम्मू-कश्मीर की संप्रभुता का भारत को समर्पण ÷परिपूर्ण÷ था और यह कहना ÷वास्तव में मुश्किल÷ है कि संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत पूर्ववर्ती राज्य को मिला विशेष दर्जा स्थायी प्रकृति का था.

# एक बैंक ऐसी भी जिसकी शाखा जिस पर नहीं किया जाता झंडा वंदन मुंगावली की शाखा केनरा बैंक पर राष्ट्रीय पर्व पर नहीं किया गया

**-दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय-**

लेकिन उसी बैंक में करोड़ों का लेनदेन होता है और राष्ट्रीय पर्व पर झंडा बंधन न करना बैंक प्रबंधन की कार्यशैली और राष्ट्र के प्रति सम्मान को ठेस पहुंचाना है वहीं वरिष्ठ बैंक के आई बी ओ द्वारा कहा जाता है कि हमारी प्रत्येक ब्रांच में झंडा वंदन किया जाता है और बैंक मैनेजर द्वारा कहां जा रहा है कि हमारी बैंक की मेंन ब्रांच में ही झंडा वंदन किया जाता और बैंक जैसी संस्थाओं के द्वारा झंडा बंधन न करना अपनी मनमानी को दर्शाता है एक और तो पूरे देश प्रदेश भर में हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा का राष्ट्रीय पर्व बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया एवं 15 अगस्त से पूर्व शासकीय भवनों व गैर शासकीय भवनों शहीद पार्क महापुरुषों के स्टेचू आदि पर भी लाइट लगाकर उसमें साज सज्जा की गई वही स्टेशन रोड पर स्थित केनरा बैंक में इस राष्ट्रीय पर्व को कोई महत्व न देते हुए ना तो उसके भवन पर लाइट लगाई गई और ना ही 15 अगस्त को वेंक में ध्वजारोहण रोहण किया गया जबकि शहर के अधिकांश स्थानों पर यहां तक की घर-घर भी तिरंगा का उत्साह देखा गया भास्कर द्वारा पड़ताल करने में पाया गया कि केनरा बैंक में ध्वजारोहण नहीं किया गया तो बैंक प्रबंधक से इस संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बाहर होना बताया गया व आनन-फानन में एक कियोस्क संचालक व बैंक कर्मी को बैंक भेजा गया जिसने दिन के लगभग 1ः00 बजे बैंक भवन में जहां केनेरा वेंक का बोर्ड लगा हुआ है उसके पास उसने झंडा लाकर लगा दिया इस संबंध में जब फिर बैंक प्रबंधक रोहित जैन से इस संबंध में जानकारी लेना चाहे तो उन्होंने कहा कि वैसे तो हमारे



नगर की ब्रांच में झंडा वंदन नहीं होता है लेकिन जब आप लोगों ने दिन के 12ः00 बजे लगभग इस संबंध में हमसे पूछा तो हमने बैंक में झंडा लगवा दिया हालांकि जब हम बाहर आए हुए थे तब हम अपने कर्मचारियों से झंडा लगाने का बोल कर आए थे उनकी भूल की वजह से यह झंडा नहीं लग पाया था जिसे हमने आपसे जानकारी मिलते ही लगवा दिया गया और वैसे भी हमें हमारे हेड ऑफिस से झंडा वंदन के लिए ऐसा कोई आदेश भी प्राप्त नहीं हुआ था/इस संबंध में जब आर बी ओ विजय शर्मा भोपाल से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि ब्रांच में झंडा तो लगना चाहिए थाक्या कहते हैं अधिकारीमैं आज बाहर हूं और अगर बैंक ने ध्वजा नहीं फहराया है तो आते साथ ही उसको तत्काल नोटिस देकर जांच करवाऊंगावरुण अवस्थी एसडीएम मुंगावली

# जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के द्वारा किया गया आनंद जादूगर का सम्मान



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-15 अगस्त को जादूगर आनंद के जादू की धूम यूं तो हर शहर में होती है लेकिन शिवपुरी में जादूगर आनंद तो अपने शो के पहले से ही चर्चित हो गए थे इसी कड़ी में जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के द्वारा शॉल और उस पर पुष्प गुच्छ देकरउनका सम्मान किया गया उन्होंने देश-विदेश में अपना जादू दिखाया है उनके जादू के खेल में दांतो तले उंगलियां दबाने वाले आइटम हो से लेकर देश भक्ति धर्म जागृति अंधविश्वास आदि का समावेश होता है मंच पर ऐसे ऐसे कर्तव्य दिखाए जाते हैं जिसे देखकर लोग आश्चर्यचकित हो जाते हैं जिसमें हमारी टीम की प्रेसिडेंट जेएफएम प्रियंका शिवहरे सचिव जैसी आरती जैन जैसी बबीता अग्रवाल जेसी माधवी सोनी जैसी निशा गोयल जैसी रानी गोयल जेसीआई की सभी महिलाएं उपस्थित रहे

# जनपद पोहरी में सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा अधिकारी भर्ती कैंप आयोजित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार अधिकारी के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पद पर भर्ती कैंप आज आज जनपद पंचायत पोहरी में किया गया जिसमें 20 बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया जिसमें नीमच से आये भर्ती अधिकारी संतोष कुमार ने माप दंड के आधार पर 5 युवाओं का चयन किया।17 अगस्त को जनपद पंचायत नरवर, 18 अगस्त को जनपद पंचायत करैरा, 21 अगस्त को जनपद पंचायत खनियाधाना, 22 अगस्त को जनपद पंचायत पिछोर, 23 अगस्त को जनपद पंचायत शिवपुरी में आठ दिवसीय भर्ती केम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा।बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता दसवीं पास, उम्र 21 से 37 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर, 55 किलोग्राम, 90 किलोग्राम तक हो, वे आवेदन कर सकते है, विकासखंडों में विभिन्न तिथियों में आयोजित कैंप में उम्मीदवार दसवीं की छायाप्रति, दो फोटो, आधार कार्ड के साथ उपस्थित हों। अभ्यर्थी के लिए प्रोस्पेक्टस फार्म फीस 500 रुपये होगा। इसमें चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण देकर 65 वर्ष की स्थाई नौकरी दी जाएगी। जिसमें औद्योगिक क्षेत्रों में दिल्ली का लालकिला, सांची का स्तूप, खजुराहो का मंदिर, आगरा का किला, ग्वालियर का किला, झांसी का किला, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक दिल्ली एवं गुजरात में शामिल है। चयनित उम्मीदवारों को 12000 से 15000 का मासिक वेतन दिया जायेगा। अन्य सुविधाओं में पीएफ पेंशन, मेडिकल सुविधा बीमा, दो बच्चों की प?ाई आईपीएस स्कूल देहरादून में कराई जाएगी। अधिक जानकारी हेतु वेवसाइट 222.ह्यह्यष्द्बद्गठ्ठस्रद्बड्ड.ष्श्चद्ग पर एवं मोबाइल नम्बर 6261092834 पर संपर्क कर सकते है।

# जनपद पोहरी में सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा अधिकारी भर्ती कैंप आयोजित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार अधिकारी के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पद पर भर्ती कैंप आज आज जनपद पंचायत पोहरी में किया गया जिसमें 20 बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया जिसमें नीमच से आये भर्ती अधिकारी संतोष कुमार ने माप दंड के आधार पर 5 युवाओं का चयन किया।17 अगस्त को जनपद पंचायत नरवर, 18 अगस्त को जनपद पंचायत करैरा, 21 अगस्त को जनपद पंचायत खनियाधाना, 22 अगस्त को जनपद पंचायत पिछोर, 23 अगस्त को जनपद पंचायत शिवपुरी में आठ दिवसीय भर्ती केम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा।बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता दसवीं पास, उम्र 21 से 37 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर, 55 किलोग्राम, 90 किलोग्राम तक हो, वे आवेदन कर सकते है, विकासखंडों में विभिन्न तिथियों में आयोजित कैंप में उम्मीदवार दसवीं की छायाप्रति, दो फोटो, आधार कार्ड के साथ उपस्थित हों। अभ्यर्थी के लिए प्रोस्पेक्टस फार्म फीस 500 रुपये होगा। इसमें चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण देकर 65 वर्ष की स्थाई नौकरी दी जाएगी। जिसमें औद्योगिक क्षेत्रों में दिल्ली का लालकिला, सांची का स्तूप, खजुराहो का मंदिर, आगरा का किला, ग्वालियर का किला, झांसी का किला, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक दिल्ली एवं गुजरात में शामिल है। चयनित उम्मीदवारों को 12000 से 15000 का मासिक वेतन दिया जायेगा। अन्य सुविधाओं में पीएफ पेंशन, मेडिकल सुविधा बीमा, दो बच्चों की प?ाई आईपीएस स्कूल देहरादून में कराई जाएगी। अधिक जानकारी हेतु वेवसाइट 222.ह्यह्यष्द्बद्गठ्ठस्रद्बड्ड.ष्श्चद्ग पर एवं मोबाइल नम्बर 6261092834 पर संपर्क कर सकते है।

## शिवपुरी पुलिस की अवैध शराव के खिलाफ कार्यवाही

# पुलिस थाना सिरसौद द्वारा कार्यवाही करते हुये एक आरोपी को 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त कर किया गिरफ्तार ।

**राकेश परिहार पिछोर**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश कुमार सिंह के द्वारा आगामी चुनावों के मद्देनजर जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ-सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव की धरपकड़ करने हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही करने एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ जीरो टालरेन्स नीति अपनाने के निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देशों के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी श्री सुजीत भदौरिया के मार्गदर्शन में दिनांक 15.08.2023 को थाना सिरसौद द्वारा मुखबिर की सूचना पर से अवैध शराब ले जाने की फिराप मे खड़े व्यक्ति को गिरफतार कर उससे 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त की है । थाना सिरसौद पर मुखविर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम मालाखेडी में रोड़ पर पुलिया के पास एक व्यक्ति नीले रंग की दो जरिकैनों में हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब लिये किसी वाहन का इंतजार कर रहा है, उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी सिरसौद द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम बनाकर मुखबिर के बताये स्थान पर रबाना किया । पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची तो एक व्यक्ति दो नीले रंग की जरिकैनों के पास खड़ा दिखा जो पुलिस को अपने पास आता देख भागने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकडा व दोनों नीले रंग की जरिकेनो के ढक्कन खोलकर देखा तो एक कैन मे 28 लीटर एवं दूसरी कैन मे 32 लीटर कुल 60 लीटर कीमती करीबन 6000 रू. हाथ भट्टी की कच्ची शराब भरी मिली । उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम महेन्द्र पुत्र प्रतापसिंह सिसौदिया उम्र 28 साल निवासी ग्राम लालगाँव थाना सुनेल जिला झालाबाड (राजस्थान) हाल ग्राम मालाखेडी थाना सिरसौद जिला शिवपुरी का होना बताया । उक्त? व्यक्ति से शराब रखने व बेचने व परिवहन करने के संबंध में वैध लायसेंस चाहा तो कोई लायसेंस नहीं होना पाया गया । उक्त आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का दण्डनीय होने से अवैध 60 लीटर कच्ची देशी शराब को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया ।

## सूबेदार आईना साहिबा का सम्मान

# परेड के उत्कृष्ट संचालन के लिए मंत्री ब्रजेंद्र सिंह ने सम्मानित किया



**अशोकनगर** –देशभर में स्वतंत्रता दिवस का पर्व गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। और अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारी और अधिकारियों को सम्मानित किया गया। ऐसा ही नजारा अशोकनगर में देखने को मिला,जहां उत्कृष्ट परेड संचालन के लिए मंत्री ब्रजेंद्र सिंह यादव ने सूबेदार आईना साहिबा को सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार अशोकनगर में स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर वैसे तो शहर में कई भव्य आयोजन हुए,जहां देश की आन-बान शान तिरंगे झंडे को फहराया गया। मुख्य कार्यक्रम पुलिस ग्राउंड पर हुआ,जहां मंत्री ब्रजेंद्र सिंह यादव ने झंडा वंदन कर परेड की सलामी ली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में अलग-अलग विभागों में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र व सील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पुलिस विभाग में पदस्थ सूबेदार आईना साहिबा को बेहतर पुलिसिंग व परेड के उत्कृष्ट संचालन करने व अपने कार्य के प्रति लगन मेहनत ईमानदारी से निर्भय करने के लिए प्रशस्ति पत्र व सील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 वां स्वतंत्रता दिवस

# खेल एवं युवा कल्याण मंत्री के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ समारोह

राकेश परिहार पिछोर

शिवपुरी, जिले में 77 वां राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और उन्होंने ध्वजारोहण किया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया के साथ परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। इस दौरान परेड की टुक?ियों द्वारा हर्ष फायर किया गया।77वें स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया। इसके बाद संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

**निकला आकर्षक मार्चपास्ट**– संयुक्त परेड में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस, होमगार्ड, 18वीं वाहिनी एसएएफ, एनसीसी, शौर्या दल ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। मार्चपास्ट के पश्चात सभी टुक?ियों के परेड कमांडर्स से मुख्य अतिथि ने परिचय प्राप्त किया। इस मार्चपास्ट में सशस्त्र बल में 18 बटालियन एसएएफ को प्रथम, मध्य प्रदेश पुलिस पुरुष को द्वितीय एवं मध्य प्रदेश पुलिस महिला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। परेड प्रदर्शन में निशस्त्र बल में एनसीसी सीनियर बालिका को प्रथम, एनसीसी को द्वितीय एवं शौर्या दल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा इन्हें शील्ड प्रदान की गई।

**स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुति**– स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में शासकीय मॉडल उ.मा.विद्यालय सीएम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने भाग लिया। जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय मिला। कार्यक्रम में इन्हें मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड प्रदान की।



राइज स्कूल शिवपुरी, अशासकीय सेंट चार्ल्स स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय शिवपुरी, हैप्पी डेज स्कूल, शासकीय शिवपुरी को प्रथम स्थान, हैप्पी डेज स्कूल को द्वितीय और शासकीय कन्या विद्यालय आदर्श नगर को तृतीय स्थान

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दिए प्रमाण-पत्र**–विभिन्न विभागों में कार्यरत शासकीय सेवकों को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। इसमें प्रशासन के अधिकारियों कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों के अलावा सामाजिक संस्था और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिला?ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**बच्चों के साथ किया विशेष भोज**–कार्यक्रम के बाद मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया फतेहपुर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पहुंचीं। जहां स्कूली छात्राओं के साथ सभी ने विशेष भोज किया और विद्यालय की छात्राओं को सम्मानित किया।

**फतेहपुर चौराहा स्थित पुलिस सहायता केंद्र का लोकार्पण**–मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने फतेहपुर चौराहे पर स्थित विधायक निधि से 11.16 लाख की लागत राशि से निर्मित पुलिस सहायता केंद्र का लोकार्पण किया।

# मिशन अस्पताल का कटे होंठ, फटे तालू का नि:शुल्क सर्जरी शिविर संपन्न

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** आधारशिला संस्थान संस्था प्रमुख समाज सेवी संस्थापक डॉ. अजय लाल के निर्देशन में स्थानीय मिशन अस्पताल दमोह में 14 अगस्त से 16 अगस्त, 2023 तक वृहद नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर आयोजित किया गया।जिसमें कटे होंठ एवं फटे तालू की प्लास्टिक सर्जरी, के साथ ही गणेश पिता गुड्डू प्रजापति निवासी छतरपुर के जन्म से ही चेहरे पर भयानक विकृति का भी ऑपरेशन किया गया। गणेश का चेहरा सामान्य ना होते हुए भयानकता लिये हुए दिखाई दे रहा है जिनका पहला ऑपरेशन किया गया। आने वाले समय में लगातार 5-6 ऑपरेशन और किये जायेंगे तब जाकर सामान्य चेहरा हो सकेगा। इस नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर में पन्ना,छतरपुर, महोबा, कटनी, सागर, दमोह, बांदकपुर, गढ़ाकोटा, पथरिया एवं पटेरा के निवासियों से संबंधित कटे होंठ-फटे तालू एवं आग से जले हुए मरीज़ों की प्लास्टिक सर्जरी संपन्न हुई। शिविर में आये 68 मरीजों में से 33 मरीज़



का मेडीकल चेकअप के बाद चयन किया गया जिनकी सफलता पूर्वक सर्जरी संपन्न हुई। इन 33 मरीजों सहित अभी तक 7068 रीज़ मिशन अस्पताल के प्रयासों से हंसती मुस्कुराती ज़िन्दिगी की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।उल्लेखनीय है कि प्रदेश की प्रमुख समाज सेवी संस्था आधारशिला संस्थान द्वारा मरीजों व उनके परिजनों को आवास, भोजन, नाश्ता के साथ आने-जाने का किराया भी प्रदान किया जाता है। शिविर में घाट पिपरिया, सलैया, दमोह से विजय राठौर, 30 वर्ष का जल जाने के बाद इलाज किया गया। साथ ही पुतली घाट हिनौती निवासी अभिषेक ठाकुर, 16 वर्ष का जलने के कारण चिपकी त्वचा का इलाज किया गया। साथ ही दुर्गा लोधी, 21 वर्ष, निवासी रोंसरा, हटा का जलने का कारण बांये हाथ का इलाज हुआ। पुष्पा पटेल 20 वर्ष, निवासी बकायन का तालू का आप्रेशन संपन्न हुआ। नि:शुल्क शिविर में प्लास्टिक सर्जरी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विख्यात शल्य चिकित्सकों के साथमिशन अस्पताल के डॉक्टर्स व ओ.टी. स्टाफ का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि मिशन अस्पताल में सर्व-सुविधायुक्त कैथ लैब व अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर की सुविधाएं भी बुन्देलखण्ड अंचल में विशेषरूप से हृदय रोगियों की चिकित्सा के लिए लैब एवं थियेटर कि शुरुआत हो चुकी हैं।

# स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला अमलीपदर में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया





साथ ही प्रबंधन समिति अध्यक्ष आशुतोष सिंह राजपूत ( चिराग ठाकुर) ने ध्वजारोहण कर सभी को शुभकामनाएं दी तुसार मिश्रा गरियाबंद साथ ही शाला प्रबंधन समिति के द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और क्षेत्र के लिए समर्पित इथाना प्रभारी अमलीपदर पवन वर्मा जी, कोरोना कल में दिन-रात एक कर जनमानस के लिए समर्पित अमलीपदर स्वास्थ्य अधिकारी भावेश यादव जी, जन सहयोग के साथ पहल कर क्षेत्र के लिए चीरघर निर्माण कराने वाले आरक्षक रिजवान कुरैशी जी, ग्राम सुरक्षा में जी जान से समर्पित ग्राम कोटवार मोहन बघेल जी, साथ ही विगत 50 वर्ष से भी अधिक साला प्रबंधन समिति के सदस्य रहे समरथ नागेश जी को शॉल और श्रीफल के साथ समिति अध्यक्ष आशुतोष सिंह राजपूत के द्वारा सम्मानित कराया गयाइस कार्यक्रम में प्रमुख रूप सेइथाना प्रभारी अमलीपदर , जनपद सभापति श्री निर्भय सिंह ठाकुर जी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भावेश साहू जी समाजसेवी श्री प्यारेलाल दुबे जी,श्री विजय पटेल जी, प्रधान प्राचार्य श्री वरुण चक्रधारी जी,समरथ नागेश, रिजवान कुरैशी जी, हर्ष जैन जी,आयुष दुबे जी, कृष्णकांत त्रिपाठी जी , मोहन बघेल, , एवं समस्त प्रबंधन समिति के सदस्य गण शिक्षक गण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे

# इंदागाव थाना प्रभारी उप निरीक्षक श्री सताउ राम नेताम का स्थानांतरण होने पर सम्मान कर दी गई विदाई

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड इंदागाव थाना में पदस्थ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक श्री सताउ राम नेताम जी स्थानांतरण राजनांदगांव होने पर सम्मान कर विदाई दी गई थाना प्रभारी श्री नेताम जी एक समाजिक दृष्टिकोण से हंसमुक व्यक्तिव के धनी अधिकारी है उन्होंने जब से इंदागाव थाना प्रभार संभाला क्षेत्र के सभी गांव एवं जनसामान्य में बेहद लोकप्रिय रहे हैं एवं सभी लोगों का लोकतंत्र के दृष्टिकोण से नियमानुसार न्यायसंगत व्यवहार



किए हैं श्री नेताम विगत 13 सालों से गरियाबंद जिले विभिन्न थाना में लोकहित में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों एवं अपने वरिष्ठ अधिकारियों के प्रिय रहें हैं। उनके द्वारा किये गए कार्यो की जितनी भी सराहना की जाय वह कम है। इस अवसर पर थाना स्टाफ के सभी कर्मचारी सह उप निरीक्षक देवकुमार वर्मा, प्रधान आरक्षक राधेश्याम सिंह, हुकुम नेताम एवं अन्य सहकर्मियों ने श्री नेताम जी को श्रीफल भेंट कर सम्मानित पूर्वक विदाई दी।

# अम्बाह जेल में ब्रम्हाकुमारी रेखा बहन का हुआ सम्मान देश भक्ति कार्यक्रम के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस





**केशब पंडित जी**
**अम्बाह...**

**अम्बाह...** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जिला मुरैना मध्य प्रदेश पोरसा से नगर पालिका परिषद पोरसा की ब्रांड एम्बेसडर बीके रेखा बहन को एसडीएम अम्बाह अरविंद माहोर एवं जेलर रफी हुसैन खान ने शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र भेंट किया 15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस पर जेलर साहब ने बताया की अम्बाह जेल में अनेक कैदी भाइयों ने मेडिटेशन से नशा वाली वस्तुएं और क्रोध जैसी भयानक बीमारी को छोड़ा है रेखा बहन के द्वारा जेल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें स्वच्छता पर्यावरण व्यसन आदि कार्यक्रम किए एसडीएम अम्बाह अरविंद माहोर साहब ने कहा की मेडिटेशन में वह शक्ति है जिससे हम स्वयं को बदल सकते हैं बीके रेखा बहन ने कहा की अनेक कैदी भाइयों ने नशा मुक्त खुद को बनाया है राजयोग मेडिटेशन और अच्छे विचारों को धारण कर कर और अपने जीवन में हमेशा परमात्मा का ध्यान करते रहे उनका मनन चिंतन करते रहें तो सदा चिंता मुक्त बन जाएंगे अम्बाह जेल के अंदर देशभक्ति के गीतों से चारों तरफ माहौल बनाया गया पोरसा से पहुंची हुई भजन मंडली पार्टी आरिफ खान मुन्नब्बर खान गिरिजा शर्मा टीम आदि कलाकारों के माध्यम से बहुत ही अच्छे और मन मनमोहक देशभक्ति के गीतों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्य अतिथि एसडीएम अम्बाह अरविंद माहोर जेलर रफी हुसैन खान जनपद अध्यक्ष अनुराधा देवेश तोमर मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता रोटरी क्लब अध्यक्ष अंकित मिश्रा महामंत्री संदीप उपाध्याय किसान मोर्चा महामंत्री राघवेंद्र कटारे वीरू तोमर सचिन अग्रवाल शिवकांत गुप्ता आरती अग्रवाल गीता शर्मा पुष्पा शर्मा कमला गुरु नारायण राम रतन दीनदयाल उपस्थित रहे

# अनाथालय में बच्चो के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया






**रिपोर्टर पुष्पांजलि टुडे**
**खंगारराम मुलेवा**

**हैदराबाद** स्थित हयातनगर एरिया में डेक्कन फाउंडेशन के नाम से चल रहा अनाथालय के परिसर में बच्चो के साथ 15 अगस्त स्वतंत्रा दिवस मनाया गया हरिलाल लचेटा व हयातनगर सीरवी समाज की महिलाओं व बच्चो ने अनाथालय में सभी बच्चो को मीठा भोजन व बिस्कुट बांटे ओर छोटी सी सभी महिलाओं ने बताया की आज हमें बहुत खुशी हुई की अनाथालय बच्चो के साथ 15 अगस्त स्वतंत्रा दिवस मनाया ओर कुछ राशि की सहायता की हालांकि अनाथालय में रहने वाले ज्यादातर बच्चे अनाथ नहीं होते कई बार इन अनाथ बच्चों के माता-पिता इनका त्याग कर देते हैं। कई बार गरीबी की वजह से भी बच्चों को अनाथालय में भेज दिया जाता है।अनाथ आश्रम एक ऐसा संस्थान होता है, जहां पर अनाथ बच्चों को या फिर वृद्ध लोगों को और उनके साथ साथ महिलाओं को भी आश्रय दिया जाता है। बहुत से ऐसे बच्चे होते हैं, जिनका कोई भी नहीं होता और वह बहुत ही परेशानी में होते हैं। ऐसे में यदि कोई इनका पालन-पोषण नहीं कर रहा है तो उस बच्चे के लिए अनाथ आश्रम बहुत ही अच्छा विकल्प होगा।

# थाना ऊमरी में हर्षोल्लास से मनाया गया 77 वा स्वतंत्रता दिवस




**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिले के थाना ऊमरी परिसर में 77 वा स्वतंत्रता दिवस ब? धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।ऊमरी थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा ने ध्वजारोहण किया। ततपश्चात राष्ट्रगान हुआ एवं शहीदों को याद किया गया।थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस के अधिकारी एवं स्टाफ के साथ-साथ क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक व आमजन और बच्चे भी सम्मलित हुये।

# एक सैकड़ा से अधिक लोगो ने ली श्री राम सेना की सदस्यता

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आज देश के 77वे स्वतंत्रता दिवस के पावन पर श्री राम सेना के संरक्षक शयामु भदौरिया के नेतृत्व में मेहगांव विधानसभा के गोना हरिदास पूरा में श्री राम सेना से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाया गया।कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय वर्तमान सरपंच द्वारा पंचायत भवन में किया गया।कार्यक्रम में सैकडो की संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। श्री राम सेना के संरक्षक शयामु भदौरिया द्वारा सभी उपस्थित श्री राम भक्तों को श्री राम पटिका पहनाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में रोकी तोमर,मनोज भदौरिया,ऋषभ राजावत,भी मौजूद रहे सभी बुद्धिजीवियों ने बारी बारी से भगवान श्री राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात रखी।इस बीच श्री



राम सेना के सरक्षक श्यामू भदौरिया ने कहा श्री राम सेना का मुख्य उद्देश्य सनातन हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार है और हर गरीब वर्ग की आवाज बनकर उन्हे न्याय दिलाना,जिस तरह भगवान श्री राम के रामराज्य में सभी लोग मिलजुल कर सद्भावना भाईचारे के साथ रहते थे।उसी तरह हम सब मिलकर सम्पूर्ण भारत में सनातन हिंदू धर्म को बढ़ाए और भारत की अखंडता,प्रभुता,एकता को बनाए रखे। स्वतंत्रता दिवस पर श्री राम सेना के सदस्यों ने तिरंगा झंडा हाथ में लेकर भारत माता की जय व वंदे मातरम् के नारे भी लगाए। श्री राम सेना के विचारों से प्रभावित होकर सभी उपस्थित ग्रामीणजनों ने श्री राम सेना की सदस्यता ग्रहण की,और भरोसा दिलाया कि हम श्री राम सेना के विचारो को जन जन तक पहुंचाएंगे।हर शोषित पीड़ित वर्ग की मदद करने का प्रयास करेंगे।

## जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

# सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया ने मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण.,जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का किया वाचन

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय भिण्ड के पुलिस परेड ग्राउण्ड पर सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने ध्वजारोहण किया। सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया के साथ कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण कर जनता और अतिथियों का अभिवादन किया। सहकारिता मंत्री श्री भदौरिया ने मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया।स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने मुख्य समारोह में शांति के प्रतीक गुब्बारे हवा में छोडे। परेड की टुकडियों ने हर्ष फायर कर स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारे लगाए। उसके बाद परेड ने मार्च पास्ट किया और तिरंगे को सलामी दी। मुख्य अतिथि द्वारा लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवारजनो का शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित परेड का नेतृत्व परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक अरविन्द सिह सिकरवार ने किया। द्वितीय कमान टूआईसी सूबेदार आदित्य मिश्रा ने संभाली। एसएएफ, जिला पुलिस बल, जिला पुलिस बल महिला, होमगार्ड, एनसीसी सीनियर महिला, एनसीसी सीनियर पुरूष, आईपीएस अकादमी, स्काउट दल, सेन्ट माईकल, गाईड बल के दल आयोजित परेड में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मिलित हुये।स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शा.एमएलबी कन्या उमावि, अशा.विद्यावती उमावि भिण्ड, शा.उत्कृष्ट उमावि क्र.1 भिण्ड, अशा. मंशादेवी उमावि जवासा, सीएम राईज शाउमावि क्र.2 भिण्ड, अशा.मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चो ने प्रस्तुति दी।

**मुख्य अतिथि द्वारा पुरूष्कार वितरण–** मुख्य अतिथि डॉ भदौरिया द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित परेड में एसएएफ बटालियन भिण्ड को प्रथम, जिला पुलिस



बल महिला को द्वितीय एवं जिला पुलिस बल पुरूष को तृतीय पुरूष्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शाउमावि क्र.1 को प्रथम,सीएम राईज शाउमावि क्र. 2 को द्वितीय एवं अशा. मंशादेवी उमावि को तृतीय पुरूष्कार प्रदान किया गया।स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना भदौरिया,क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह,भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र नरवरिया,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मीक,महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती कृष्णकांता तोमर,विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह,केशव सिंह भदौरिया, जनप्रतिनिधिगण,सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी,नगरीय निकाय एवं पंचायतों के पदाधिकारी, पार्टी पदाधिकारी, अधिकारी, कर्मचारी और शहरी और ग्रामीणजन उपस्थित थे।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के अलावा जिले के अनुभाग, तहसील, जनपद, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तरों पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहकारिता मंत्री डा अरविन्द सिंह भदौरिया ने शामावि एसएएफ में किया मध्यान्ह भोजन 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने शामावि एसएएफ में बच्चो के साथ भोजन ग्रहण किया। सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया ने शामावि एसएएफ परिसर में पौधारोपण भी किया।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह,भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र नरवरिया कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव,पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,जिला पंचायत सीईओ मनोज सरियाम, अपर कलेक्टर राजकुमार खत्री के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण तथा स्कूली छात्र- छात्राऐं व पत्रकारबंधु उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति ने किया राज्यसभा का सत्रावसान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के मानसून सत्र का सत्रावसान कर दिया है। राष्ट्रपति सचिवालय से जारी वक्तव्य में






कहा गया है कि राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया है। उल्लेखनीय है कि गत 20 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के समापन के बाद 11 अगस्त को सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी।

## अच्छी बारिश के आसार नहीं, उमस करेगी परेशान; 15 अगस्त के लिए मौसम का विशेष पूर्वानुमान

**गाजियाबाद।** 15 अगस्त के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दी है। रात से कमर्शियल वाहनों की एंट्री भी पूरी तरीके से बैन कर दी गई है। इसके साथ-साथ होटल और लॉज की भी पूरी तरीके से चेकिंग की जाएगी, जो गेस्ट बाहर से आयेंगे, उनकी आईडी समेत वेरिफिकेशन भी होगी। 15 अगस्त के मद्देनजर दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर पुलिस की मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। दिल्ली में कर्तव्य पथ पर स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को लेकर रूट डायवर्जन



किया गया है। 15 अगस्त को मुख्य परेड कार्यक्रम के वक्त तक पूरी व्यवस्था लागू रहने वाली है। हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में पहले से ही पुलिस अलर्ट मोड में है। 15 अगस्त को देखते हुए भी पुलिस की मुस्तैदी बढ़ाई गई है। चप्पे-चप्पे पर गाजियाबाद पुलिस की नजर है। दिल्ली-गाजीपुर बॉर्डर पर प्रत्येक गाड़ी की चेकिंग के बाद ही दिल्ली में एंट्री दिए जाने का आदेश है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कमर्शियल वाहनों की एंट्री एनएच 9 से यूपी गेट होते हुए, डाबर तिराहे से महाराजपुर होते हुए, मोहन नगर से सीमापुरी होते हुए, लोनी बॉर्डर से दिल्ली, पुस्ता खजूरी मार्ग से दिल्ली की तरफ और भोपुरा बॉर्डर से होते हुए दिल्ली की तरफ एंट्री बंद रहेगी।

## आरआरटीएस कॉरिडोर का जल्द होगा उद्घाटन, लोगों की यात्रा सुगम बनाने के लिए किये जा रहे अनोखे प्रयास

**नई दिल्ली।**दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कारिडोर के 17 किमी लंबे प्राथमिकता खंड के उदघाटन की तारीख भले अभी तय ना हुई हो, लेकिन रैपिडएक्स के परिचालन के लिए यह पूर्णतया तैयार है। यात्रियों के स्वागत के लिए उनकी हर छोटी-बड़ी सुविधा का ध्यान रखते हुए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैंमोरपंख के हरे-नीले रंगों की आभा में रंगा रैपिडएक्स स्टेशनों का बाहरी फसाड देखने वाले को आकर्षित कर रहा है। वहीं अब स्टेशन की भीतरी दीवारों को भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने खूबसूरत चित्रों से सजा दिया है। हाथ से पेंट किए गए इन चित्रों से स्टेशन इंटीरियर एक जीवंत एवं आकर्षक वातावरण में बदल गया है।

ये भित्ति चित्र आत्म-अभिव्यक्ति सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व और सामुदायिक जुड़ाव का एक शक्तिशाली साधन हैं। यह चित्र यात्रियों को स्टेशन के प्रति तो आकर्षित करेंगे ही साथ ही उनके यात्रा अनुभव को भी उत्कृष्ट बनाएंगे। साहिबाबाद से दुहाई के बीच प्राथमिकता खंड में कुल पांच स्टेशन हैं जिनमें से अभी साहिबाबाद, गाज़ियाबाद और दुहाई स्टेशनो पर यह चित्र बनाए गए हैं। शेष दो स्टेशनों पर यह कार्य अभी किया जाना है। इसके बाद पूरे कारिडोर के स्टेशनों को भी इन्हीं भित्ति चित्रों से सजाया जाएगा। इन चित्रों में रैपिडएक्स ट्रेन से यात्रियों के जीवन में आने वाले परिवर्तन को दिखाया गया है। 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ती रैपिडएक्स, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दूरियों को समेट कर यात्रा में लगने वाले समय को करीब एक-तिहाई कम कर देगी। इससे यात्रियों के जीवन में एक बड़ा बदलाव आएगा।

# लाल किले की सुरक्षा के लिए अचूक इंतजाम

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के चलते लाल किले से लेकर दिल्ली की सीमाओं तक सुरक्षा के अचूक और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लाल किले और आसपास की सुरक्षा को अभेद बनाने के लिए 10,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही, चेहरे की पहचान करने वाले 1000 कैमरे और एंटी ड्रोन सिस्टम भी लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे।

77वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है, क्योंकि इस बार कार्यक्रम में कोविड-19 को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं हैं। सरकार ने पीएम किसान योजना के लाभार्थियों समेत 1,800 विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया है। माना जा रहा है कि इस बार 20,000 से अधिक अधिकारी और नागरिक आजादी के जश्न में शिरकत करेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से लाल किला मेट्रो स्टेशन का गेट नंबर तीन और चार बंद रहेगा जबकि दूसरी तरफ के गेट लोगों के लिए खुले रहेंगे। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगभग 300 इमारतों की पहचान की गई है, जहां आधुनिक हथियार और दूरबीन के साथ जवान तैनात रहेंगे।

**नूंह हिंसा को लेकर भी सतर्कता**

पुलिस ने कहा कि हरियाणा के नूंह और आसपास के इलाकों में हाल की हिंसा को ध्यान में रखते हुए कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। लाल किला की सुरक्षा की जिम्मेदारी विभिन्न एजेंसियों को सौंपी गई है। इसमें एनएसजी, एसपीजी, पैरामिलिट्री फोर्स और दिल्ली पुलिस के जवान शामिल हैं।

**रात सीमाएं सील, यमुना में भी कमांडो तैनात**

स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए लाल किले की सुरक्षा दिल्ली पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवानों ने संभाल ली है। साथ ही, यमुना में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रशिक्षित कमांडो तैनात किए गए हैं। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने रविवार को टीम के साथ यमुना में गश्त भी की।

लाल किले की दीवार से दिल्ली की सीमाओं तक सुरक्षा के अचूक व पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी सीमाएं सोमवार से सील कर दी जाएंगी। दिल्ली पुलिस आतंकी व बदमाशों से संबंधित सूचनाओं को लेकर पड़ोसी राज्यों की पुलिस के भी संपर्क में है। उत्तरी जिला पुलिस अधिकारियों



के अनुसार लाल किले के पास लगातार पीसीआर वैन पेट्रोलिंग कर रही हैं। इसके अलावा यमुना में भी सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। यमुना में दिल्ली पुलिस के कमांडो, गोताखोरों की टीम के साथ लगातार गश्त पर रहेंगे, ताकि किसी भी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया जा सके।

**सुरक्षा कई लेयर में होगी**

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर लाल किले की सुरक्षा की जिम्मेदारी कई लेयर में विभिन्न एजेंसियों को दी गई है। इनमें एनएसजी, एसपीजी, पैरामिलिट्री फोर्स और दिल्ली पुलिस के जवान शामिल हैं। वहीं, प्रधानमंत्री के रूट से लाल किले तक 10 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। सिर्फ लाल किले के पास ही लगभग 5 हजार सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। निगरानी के लिए कई मचान और मोर्चे बनाए गए हैं। लाल किला के पास किसी भी प्रकार के फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई है।

**पहली बार इस्राइली तकनीक से युक्त एफआरएस कैमरों का इस्तेमाल**

देश की राजधानी हमेशा ही आतंकियों के निशाने पर रही है। इससे निपटने के लिए दिल्ली पुलिस मुस्तैद रहती है। इस साल स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान दिल्ली पुलिस पहली बार इस्राइली तकनीक से युक्त एफआरएस कैमरों का इस्तेमाल करने जा रही है। इन कैमरों को समारोह स्थल के एंट्री गेट पर लगाया जाएगा।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले करीब दो माह से स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए तैयारियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में इस बार एफआरएस कैमरों को भी शामिल किया गया है। इस्राइली तकनीक से लैस कैमरे कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे। दिल्ली पुलिस के रिकॉर्ड में जो भी आपराधिक प्रवृत्ति के लोग शामिल हैं, उनका डोजियर बना हुआ है। इस रिकॉर्ड को इन कैमरों से जोड़ दिया गया है। ऐसे में पुलिस के रिकॉर्ड में शामिल जो भी व्यक्ति इन कैमरों की जद में आएगा। तुरंत कैमरे कंट्रोल रूम को उसका मैसेज भेज देंगे। जिस गेट से या कैमरे से मैसेज जाएगा तुरंत वहां तैनात सुरक्षा बलों को अलर्ट कर दिया जाएगा। फिलहाल स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रम से 48 घंटे पूर्व एसपीजी ने मोर्चा संभाल लिया है।

**होक्स कॉल से हड़कंप**

सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच रविवार शाम को आई दो कॉल के बाद पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के होश उड़ गए। कॉल में दावा किया गया कि लाल किला, रेलवे स्टेशन और कश्मीरी गेट बस अड्डे में बम फटने वाले हैं। बम व डॉग स्क्वायड के अलावा पुलिस और तमाम सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गईं। लालकिला, कश्मीरी गेट बस अड्डा और रेलवे स्टेशनों की जांच शुरू हो गई। खबर लिखे जाने तक पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था। हालांकि, सर्च ऑपरेशन देर रात तक जारी था। वहीं, मामले पर दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने शरारती तत्वों पर फर्जी कॉल करने की आशंका जताई है। देर रात तक कॉलर की पहचान कर ली गई थी, लेकिन पुलिस को आरोपी नहीं मिले थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रविवार रात करीब 8:26 बजे नजफगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने कॉल कर सूचना दी कि लाल किला और रेलवे स्टेशन पर बम फटने वाले हैं। उसके मोबाइल पर यूके के अज्ञात नंबर से कॉल आई है। एक अन्य कॉल में कश्मीरी गेट बस अड्डे पर लावारिस बैग में बम होने की खबर दी गई। कॉलर के पते पर पुलिस पहुंची तो वहां मिले व्यक्ति ने बताया कि नंबर उसके नाम पर ही है, लेकिन वह उसे इस्तेमाल नहीं करता।

## जापानी तकनीक के अनुरूप विकसित होगा शहरी वन, वायु प्रदूषण होगा कम

**नई दिल्ली।** राजधानी में वन क्षेत्र को बढ़ाने व प्रदूषण कम करने के लिए नजफगढ़ स्थित खड़खड़ी जटमल गांव के पास शहरी वन विकसित किया जाएगा। जापानी तकनीक मियावाकी जंगल की तर्ज पर इसे 2.4 हेक्टेयर क्षेत्र में तैयार किया जाएगा। यहां पीपल, पिलखन, गूलर, बरगद समेत कई तरह के स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। इससे आने वाले वर्षों में यहां हरे-भरे पेड़-पौधे लहलहाते नजर आएंगे। मियावाकी जंगल तैयार होने के बाद लोग सुबह-शाम की सैर के साथ कई तरह के पेड़-पौधों की प्रजातियां देख सकेंगे। इसे लेकर वन एवं वन्यजीव विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को वन के रूप में यहां सुकून वाली जगह मिलेगी। साथ ही, लोग प्राकृतिक सौंदर्य को निहार सकेंगे और ताजी हवा के साथ जलस्रोत के शीतल जल का आनंद ले सकेंगे। इसमें सबसे पहले प्रोजेक्ट क्षेत्र में तीन फीट के



आसपास एक मीटर तक मिट्टी को खोदा जाएगा। जैविक खाद, भूसा, नारियल का जूट डालकर उर्वरकता बढ़ाई जाएगी। पौधों को तीन लेयर में रखा जाएगा। इनमें झाड़ीनुमा, फिर मध्यम आकार और मध्यम से थोड़े बड़े पौधे लगाए जाएंगे। खास बात यह है कि इन पौधों की केवल तीन साल तक देखरेख की जाएगी। इसके बाद ये खुद पोषक तत्व लेने के लिए तैयार हो जाएंगे।

विभाग ने नजफगढ़ के जैनपुर गांव में ऐसे एक और 4.64 हेक्टेयर जंगल को विकसित करने की योजना बनाई है। वन में तरह-तरह के पौधे लगाने के साथ लोगों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाएगा। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वन धरती के फेफड़ों की तरह काम करते हैं। वन क्षेत्र में विकसित किए जाने वाले जलाशय से भूमिगत पानी का संचय भी होता है। ऐसे में शहरी वन बहुत अहम है।

मियावाकी जंगल तकनीक में हजारों देसी प्रजातियों के पौधों को एक छोटे से क्षेत्र में एक साथ उगाया जाता है। पारंपरिक जंगल की तुलना में मियावाकी जंगल न केवल कई गुना सघन होता है, बल्कि दो से तीन साल में तैयार हो जाता है। इसे खास प्रक्रिया के जरिए उगाया जाता है, ताकि ये हमेशा हरे-भरे रहें। जंगल विकसित करने के खास तरीके को जापान के बॉटेनिस्ट अकीरा मियावाकी ने खोजा था। इसमें पौधों को पहले उसी मिट्टी में नर्सरी में उगाया जाता है, उसे फिर उस जगह लगाया जाता है जहां जंगल को विकसित करना चाहते हैं। इस तरह पौधों को वही मिट्टी मिलेगी जिसमें वह अब तक पनपा है। वन विभाग के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि देश में जिस रूप से वन को विकसित किया जाता है उसमें एक हेक्टेयर में लगभग एक हजार पौधे लगाए जाते हैं, लेकिन इसमें एक हेक्टेयर में एक हजार से कई अधिक पौधे रोपे जाते हैं।

## नोएडा की अंतरिक्ष गोल्फ व्यू में धूमधाम से मनाई जाएगी जन्माष्टमी, रासलीला का होगा आयोजन

**नोएडा।** अंतरिक्ष गोल्फ व्यू सोसायटी में इस वर्ष जन्माष्टमी का आयोजन बड़े भव्य तरीके से किया जाएगा। जिसके लिए आज सोसायटी में बैठक आयोजित की गई, जिसमें जन्माष्ठमी के अवसर पर मथुरा की प्रसिद्ध रासलीला मंडली द्वारा दान लीला तथा कृष्ण-सुदामा लीलाओं का मंचन किया जाएगा।



मंदर समिति से जुड़े विनोद भारद्वाज ने बताया कि मंदर समिति की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें 7 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने का फैसला लिया गया। इस बैठक में 7 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा के प्रसिद्ध रासलीला मंडली द्वारा दान लीला तथा कृष्ण ङ्क सुदामा लीलाओं का मंचन किया जाएगा। उससे पूर्व सोसायटी के बाल गोपालों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा और सोसायटी में शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

## दिल्ली पुलिस ने अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया, 5 गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली पुलिस ने एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है और दो महिलाओं सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपी उच्च शिक्षा की डिग्री दिलाने के नाम पर भोले-भाले लोगों को धोखा देते थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपियों की पहचान आशीष, अशफा और दानिश के रूप में हुई है जबकि गिरफ्तार महिलाओं के नाम गुप्त रखे गए हैं। पुलिस ने कहा कि कॉल सेंटर से चार कीपैड मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, पांच फोन, ग्राहकों का डेटा, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग की मुहर, आईएमई के खाली प्रवेश फॉर्म, रजिस्टर और डायरियां भी बरामद की हैं।

## गुरुग्राम में भ्रामक पोस्ट पर सुदर्शन न्यूज के रेजिडेंट एडिटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम। सुदर्शन न्यूज के रेजिडेंट एडिटर मुकेश कुमार को गुरुग्राम पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन के खिलाफ कथित तौर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भ्रामक पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। साइबर क्राइम थाने की टीम ने यहां उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक बयान में कहा, यह ट्वीट 8 अगस्त को 'एक्स' हैंडल (पूर्व में ट्विटर) ङ्गमुकेशकेआरडी से निराधार, असत्य और भ्रामक तथ्यों के आधार पर पोस्ट किया गया था। इस पर संज्ञान लेते हुए गुरुग्राम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की आगे की जांच जारी है। कुमार ने कथित तौर पर ट्वीट किया था कि गुरुग्राम पुलिस आयुक्त को अल जजीरा समाचार चैनल से फोन आया था और उन पर हिंदुओं के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बनाया जा रहा है।

## एम्स बनाने को लेकर झूठ बोल रहे हैं मोदी : खड़गे-राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते कहा है कि वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स खोलने को लेकर झूठ बोल रहे हैं और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। श्री खडगे ने कहा, लूट और जुमलों ने देश को किया अस्वस्थ, मोदी जी के हर शब्द में केवल झूठ ही कंठस्थ। दावा किया कि बनायें हैं एम्स कई सारे, सच्चाई है कि डॉक्टर-स्टाफ़ की भारी कमी से जूझे एम्स हमारे।





उन्होंने कहा, मोदी जी, कोरोना महामारी में उदासीनता से लेकर, आयुष्मान भारत में घपलेबाजी तक ज्आपकी सरकार ने देश के स्वास्थ्य सिस्टम को बीमार बनाया है। जनता जाग चुकी है, आपका छल-कपट पहचान चुकी है, आपकी सरकार की विदाई की घड़ी आ चुकी है।

श्री गांधी ने कहा, एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ बोला है। उन्होंने कहा- दरभंगा में एम्स खुल गया है।लेकिन दरभंगा में एम्स है ही नहीं। आपको क्या लगता है। पीएम मोदी इतना झूठ क्यों बोलते हैं।

## दिल्ली महिला आयोग को एक साल में छह लाख से अधिक कॉल मिले

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग को पिछले एक साल में महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर 6.30 लाख से अधिक कॉल मिले और अन्य राज्यों से भी 11 हजार से अधिक मामले प्राप्त हुए।

आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई 2022 से जून 2023 तक उसके 181 महिला हेल्पलाइन नंबर पर 6,30,288 मामले आए, जिसके जरिए 92,004 मामले दर्ज किए गए। पड़ोसियों के साथ संघर्ष के 9,516 मामले, बलात्कार और यौन उत्पीड़न के 5,895 , पॉस्को के 3,647 , अपहरण के 4229 और साइबर अपराध के 3,558 मामलों के साथ घरेलू हिंसा के सर्वाधिक 38,342 मामले शामिल हैं। आयोग की ओर से जारी बयान के मुताबिक




आयोग को उसके हेल्पलाइन नंबर पर 1,552 लापता की शिकायतें भी मिलीं। इसके अलावा दहेज उत्पीड़न के 2,278, चिकित्सा लापरवाही के 790, सेक्स रैकेट के 156, तस्करी के 40, बाल विवाह के 69, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के 67, बाल श्रम के 66, अवैध शराब, ड्रग्स के 63, 54 मामले प्राप्त हुए। इसके अलावार सेवा संबंधी 1319 , संपत्ति विवाद के 421 , पुलिस उत्पीड़न के 354 , आश्रय गृहों के 348, महिलाओं पर खतरनाक हमले के 298 मामले और चोरी के 235 मामले मिले। सबसे अधिक 2976 मामले दिल्ली के नरेला क्षेत्र से दर्ज किए गए, इसके बाद भलस्वा डेयरी से 1651, बुराड़ी से 1523, कल्याणपुरी से 1371 और जहांगीरपुरी क्षेत्र से 1221 मामले दर्ज किए गए। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा, -पिछले सात वर्षों में हमें 40 लाख कॉल प्राप्त हुई हैं और एक वर्ष में हमने हेल्पलाइन पर 6.3 लाख से अधिक कॉलों का समाधान किया और इन कॉलों पर 92,000 से अधिक मामले दर्ज किये गये। हम यह रिपोर्ट केंद्र और राज्य सरकार को भेजेंगे और राजधानी में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को संबोधित करने में उनका सहयोग मांगेंगे।

## दोहरे हत्याकांड में शामिल गैंगस्टर छेनू का शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिला के वेलकम थाना क्षेत्र में दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर देने में शामिल कुख्यात गैंगस्टर छेनू गिरोह के एक शूटर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के शव 300 मीटर की दूरी पर मिले थे। उन्हें दो-दो गोलियां मारी गई थीं।उक्त हत्या गैंगवार का नतीजा थी। इलाके में वर्चस्व पैदा करने के मकसद से छेनू गिरोह के तीन शूटरों ने वारदात को अंजाम दिया था। वारदात में शामिल दो बदमाशों को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है। विशेष आयुक्त क्राइम ब्रांच रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाश का नाम सलमान उर्फ तोहिद है। वह सीमापुरी का रहने वाला है। 11 जुलाई को एक व्यक्ति 65 फुटा रोड, पीली मिट्टी, वेलकम के पास मृत पाया गया था। उसके शरीर पर गोलियों के दो घाव के निशान थे। उसकी पहचान सुभाष पार्क, वेलकम निवासी प्रदीप के रूप में हुई थी। इसके तुरंत बाद एक अन्य व्यक्ति सुभाष पार्क में मृत पाया गया। उसके शरीर पर भी गोलियों के दो घाव के निशान थे।

## विश्वस्तरीय कानून है डीपीडीपी एक्ट, भारतीयों के अधिकारों की करेगा रक्षा: आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि डिजिटल निजी डाटा सुरक्षा (डीपीडीपी) एक्ट विश्वस्तरीय कानून है। यह युवा भारतीयों के अधिकारों की रक्षा करते हुए उनके लिए अधिक से अधिक अवसर पैदा करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

**22 साल पुराने आइटी अधिनियम की जगह ल-** इसने 22 साल पुराने आइटी अधिनियम की जगह ली है। भारत का यह नया कानून पूरी तरह से देश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इससे लोगों की निजता की सुरक्षा होगी। यदि कोई संस्था नागरिकों से जुड़े डाटा का दुरुपयोग करेगी तो उसे भारी जुर्माना देना होगा।चंद्रशेखर ने यहां छात्रों, स्टार्टअप और राज्य के विशेष नागरिकों के साथ चर्चा में भाग लिया।

इस दौरान उन्होंने डीपीडीपी एक्ट पर चर्चा की। उन्होंने डीपीडीपी कानून बनने के पीछे की यात्रा को याद किया। उन्होंने बताया कि 2010 में जब वह सांसद थे तो उन्होंने सदन में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया था, जिसमें निजता को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देने की मांग की थी। दुर्भाग्य से उस समय तत्कालीन यूपीए सरकार को यह बहस आवश्यक नहीं लगी।

**विश्वस्तरीय कानून**

उन्होंने कहा कि डीपीडीपी एक विश्वस्तरीय कानून है। 15 अगस्त 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'टेकेड' शब्द लोगों के सामने रखा था। यह छात्रों, युवा भारतीयों के लिए तकनीकी अवसरों से भरे भविष्य के उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है जोकि भविष्य के कार्यबल का हिस्सा होंगे। उन्होंने बताया कि कैसे यह कानून प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप एक व्यापक मिशन के रूप में काम करेगा। यह प्रौद्योगिकी के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र से सामंजस्य बिठाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में इंटरनेट का उपयोग करने वाले भारतीयों की सख्यां 83 करोड़ है और 2025-26 तक यह आंकड़ा 120 करोड़ तक तक पहुंचने का अनुमान है। हम दुनिया में सबसे बड़े कनेक्टेड देश हैं। हम यूरोपीय संघ या अमेरिका का अनुसरण करने के बजाय भविष्य के लिए प्रौद्योगिकी में अपने स्वयं के मानकों को स्थापित करने के लायक हैं।

# लहार में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** लहार नगर के कांग्रेस कमेटी कार्यालय,पीली कोठी,मार्केटिंग सोसायटी,जनपद पंचायत,नगर पालिका, पर ध्वजारोहण किया गया।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह एवं पूर्व मंत्री राजा पटेरिया ने लहार में ध्वजारोहण कर भारतीय लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया।ध्वजारोहण कार्यक्रम के अवसर पर उदय प्रताप सिंह (राजा बाबू सेंगर ), नरेश सिंह चौहान,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, अनुरुद्ध प्रताप सिंह,लहार नगर पालिका अध्यक्ष,लहार जनपद अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक सहित लहार नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेत्री श्रीमती मंजुलता राजेन्द्र सिंह तोमर के द्वारा 21 दिवसीय निशुल्क हैल्थ शिविर का शुभारंभ वार्ड 2 के लोगों ने बड़ी संख्या में लिया स्वाथ्य लाभ!

अशोक पाठक /पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर 15 विधानसभा में राजीव गांधी सद्भावना पखवाड़ा के अंतर्गत 21 दिवसीय निशुल्क हैल्थ चैकअप शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 15 अगस्त से 6 सितम्बर तक आयोजित होने वाले इस शिविर का शुभारंभ आज वार्ड 2 में ग्वालियर नर्सिंग कॉलेज, साक्षी परिसर, उरवाई गेट से हुआ। जहां युवा, बुजुर्गो सहित बड़ी संख्या में आकर लोगों ने डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, थायरायड जैसी कई बीमारियों की जांच कराई एवं तुरंत रिर्पोट प्राप्त की। गौरतलब है कि शिविर





कांग्रेस नेत्री श्रीमती मंजुलता राजेन्द्र सिंह तोमर द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य ग्वालियर 15 विधानसभा के अधिकतम लोगों को स्वास्थ्य लाभ देना है। शिविर संयोजक श्री मानवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि वार्ड 2 में शिविर के प्रति लोगों का काफी उत्साह देखने को मिला, हम अन्य वार्डों के लोगों से अपील करते हैं कि यह शिविर ग्वालियर 15 विधानसभा के प्रत्येक वार्ड में आयोजित किया जाएगा इसलिये संबंधित वार्ड के लोग अपने वार्ड के निर्धारित स्थान पर बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी जांच करवायें और तुरंत रिपोर्ट प्राप्त कर स्वाश्थय लाभ लें !

# 17 वी वाहिनी बटालियन में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई

दैनिक पुष्पांजली टुडे





**भिण्ड ।** 17 वी वाहिनी एसएफए बटालियन स्थित परेड ग्राउंड में 77 वें स्वतंत्रता दिवस की तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। 17वी वाहिनी के कमांडेंट आशुतोष बागरी आई.पी.एस. के निर्देशन में डीएसपी प्रेम नारायण सराहिया के मार्गदर्शन में जिला भिंड में 17वी वाहिनी में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई । राष्टगान की धुन बजाई गई और अतिथियों द्वारा परेड में विशेष सशस्त्र बल 17 वीं वाहिनी एसएएफ बटालियन जिला सशस्त्र पुलिस बल, शामिल रहे। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की रिहर्सल कराई गई। आजादी के महोत्सव के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों को शस्त्र को दिखाये गए। रैली उपरांत बच्चों को स्वल्पाहार वितरण किया गया।तिरंगा यात्रा रैली में 17 वी वाहिनी के क्वार्टर मास्टर मेवालाल दोहरे, हेडक्वार्टर प्रभारी हितेंद्र सिंह जादौन, सूबेदार मेजर सौरभ सिंह भदौरिया, सब इंस्पेक्टर बाबू लाल पटेल, एसआई राजेश्वर सिंह,प्रधान आरक्षक ब्रजेश सिंह चौहान सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों व स्कूलो बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया

# नगर की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया मौ नगर परिषद का घेराव एवं नियमों के 10 सूत्रीय ज्ञापन दिया

## तहसीलदार माला शर्मा एवं सीएमओ दिनेश श्रीवास्तव ने 10 दिन में समस्या का निराकरण का दिया आश्वासन





पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
मौ डॉ. वेताल सिंह गौड़

मौ नगर में कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर परिषद मौ का घेराव किया गया तथा विरोध प्रदर्शन किया मौ नगर में हो रही लोगों को परेशानी के बारे में विस्तार से तहसीलदार एवं ष्द्व श को बताया कई बार समझाने के बावजूद नगर परिषद द्वारा लोगों की कई समस्याएं हैं उन पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है इसलिए कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने आज मौ नगर परिषद का घेराव कर प्रदर्शन किया इस बीच पार्षद डॉ रणवीर यादव , डॉ धर्मवीर दिनकर, केशव देसाई, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव, पार्षद संजीव यादव, पार्षद सोनपाल यादव, राजीव कौशिक, डॉ.दिनेश जैन, रेखा बसेड़िया, जागेश यादव, आशीष गुर्जर, अवधेश प्रजापति, मनोहर गौर, इकबाल खान, आदि कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# सीरवी समाज बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पुष्पाजंली टुडे
/नारायणलाल सेंणचा

**चेन्नई** -सीरवी स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ तमिलनाडु के तत्वावधान में अखिल भारतीय सीरवी बैडमिंटन टूर्नामेंट 13 अगस्त 2023 को स्मैशबाउंस, कोरातुर, चेन्नई में आयोजित किया गया। इस टुनौमेंट में देवराज देव, आईएएस उपाध्यक्ष साइंस सिटी, चेन्नई और डवराराम सोलंकी के सहयोग से समिति का लोगो लॉन्च किया। तमिलनाडु के सीरवी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के लोगो और टूर्नामेंट को लॉन्च करने के लिए गौरव प्रायोजक की मदद से सफल होने के लिए समिति के सदस्यों ने धन्यवाद दिया। इस टूर्नामेंट में राजस्थान, उज्जैन, मैसूर, तुमकुर, तमिलनाडु से कुल 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने अच्छा खेला और अपना प्रदर्शन अच्छा दिखाया।इस टूर्नामेंट में हमारे पास कई श्रेणियां थीं। पुरुष डबल ओपन



वर्ग में प्रथम स्थान पर तेलंगाना के सागर सीरवी और जीतेंद्र सीरवी विजेता रहे। तेलंगाना और राजस्थान से नरेश और हर्ष मुकाती दूसरे स्थान पर रहे। तीसरे स्थान पर राजस्थान से करण सिंह और सचिन चौधरी रहे। पुरुष युगल 40+ वर्ग में प्रथम स्थान के विजेता कर्नाटक के तरूण और राजेश बर्फा, दूसरे स्थान पर उपविजेता तमिलनाडु के शांतिलाल और सोहनलाल रहे। तीसरा स्थान कर्नाटक से धर्माराम और धनराज को मिला। पुरुष एकल वर्ग में प्रथम स्थान के विजेता तेलंगाना के सागर सीरवी, दूसरे स्थान पर उपविजेता राजस्थान के सचिन चौधरी रहे। तीसरा स्थान -उज्जैन से हर्ष मुकाती। लड़कों के एकल अंडर 18 वर्ग में प्रथम स्थान तमिलनाडु के तरूण चौधरी दूसरे स्थान पर कर्नाटक के दीपेश के सीरवी तीसरे स्थान पर तमिलनाडु के रोशन एच. महिला युगल वर्ग में तमिलनाडु की टीना और पूजा प्रथम स्थान, तमिलनाडु की ऐश्वर्या और प्रचिता द्वितीय स्थान, तमिलनाडु की सोना एन और रक्षा आर तृतीय स्थान पर रहीं। मिश्रित युगल वर्ग में प्रथम स्थान, तमिलनाडु के भरत चौधरी और टीना, दूसरे स्थान पर तमीलनाडु के सुरेश और ऐश्वर्या, तीसरे स्थान पर कर्नाटक के दीपक और कविता रही।10 श्रेणियों के अंतर्गत प्रथम स्थान हर्षित चेन्नई। सभी प्रतिभागियों को स्वागत किट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समिति के सदस्यों ने सभी प्रायोजकों को धन्यवाद दिया। समिति के सदस्यों व खिलाड़ियों के ठहरने और भोजन पकाने के लिए जगह उपलब्ध कराने के लिए विल्लीवक्कम वडेर के पदाधिकारीओं का आभार व्यक्त किया। समिति के सदस्य अध्यक्ष राजेश कुमार काग, उपाध्यक्ष सुरेश राठौड़, सचिव सुनील होम्बड, संयुक्त सचिव सुनील लचेटा, कोष भरत पवार, संयुक्त कोष सुनील वर्फा और सुनील सोलंकी, सुरेश गहलोत, दिलीप चोयल, हरीश राठौड़, सुनील सोलंकी मौजूद रहे।

# सीरवी समाज कलाम्बाकम्ब वडेर में श्री आईजी फिल्म का प्रदर्शन



पुष्पाजंली टुडे

**चेन्नई-** सीरवी समाज कलाम्बाकम आईमाता वडेर प्रांगण में श्री आईजी नामक राजस्थानी फिल्म का प्रसारण किया गया। फिल्म प्रसारण को देखने के लिए समाज के बड़ी संख्या में पुरूष महिलाओं बालक व बालिकाओं ने भाग लिया। इस मौके पर समाज की ओर से फिल्म के निर्माता भँवरलाल चोयल व फिल्म निर्देशक हेमंत सीरवी का शाँल द्वारा स्वागत किया गया। वडेर के अध्यक्ष बाबूलाल गेहलोत ने बताया की आज के समय में लड़कियां व लड़के भी अपनी राह से भटक जाते है। उनके लिए यह फिल्म एक सीख हैं जो भी भाई प्रवास मे व्यपार कर रहे है। उन्हे भी अपने बच्चों को समय देना चाहिए व अपने बच्चों का ध्यान रखना चाहिए ताकि आजकल हो रही ऐसी घटनाओं से बचा जा सके । इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष रमेश कुमार गेहलोत, सचिव धर्मिचंद भायल, सह-सचिव तेजाराम मुलेवा, कोषाध्यक्ष पारस राज मूलेवा सह -कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश काग सहित समाज के गणमान्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

# सीरवी समाज करमनघाट अलमासगुड़ा वडेर में स्वतंत्रता दिवस मनाया

पुष्पाजंली टुडे

हैदराबाद -सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडां वडेर के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी कमेटी के सभी सदस्यों ने वडेर प्रांगण में आज 15 अगस्त को 77 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित समाज के अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा सचिव हिरालाल सैणचा एवं सहलाकार व कार्यकारिणी कमेटी के सभी सदस्यों ने झंडा रोहण किया और राष्ट्रीय गान किया गया। उसके बाद मिठाई लड्डू बांटे गये एवं समाज के हित में राजाराम सेपटा द्वारा कविता बोली गई ।उसके बाद में सचिव हिरालाल सैणचा द्वारा सभी समाज बन्धुओं एवं माताओं बहनों को भारत



माता के जय कारा एवं वन्दे मातरम् जय जवान जय किसान नारा के साथ धन्यवाद देकर समाप्त किया।

# उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**सीहोर।** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस शासकीय हाई स्कूल एवम शासकीय माध्यमिक विद्यालय अगेरा तहसील सोनकच्छ जिला देवास में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि केनेरा बैंक सोनकच्छ के प्रबंधक श्री गौरव राजौरिया थे। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहन राशि केनरा बैंक की ओर से वितरित किया। श्री राजौरिया ने छात्रों को संबोधित किया एवम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी छात्र देश का भविष्य हैं। उन्हें समर्पित होकर अपनी पड़ाई करना है और अपने माता पिता के सपनों को साकार करना है। इस अवसर पर स्कूल के स्टाफ, अगेरा के सरपंच एवम बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कुबेरेश्वरधाम की कावड यात्रा ने तोड़े सारे रिकार्ड, 10 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच दर्शन करने

**कावड यात्रा हुई कुंभ में तब्दील सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम पर रात्रि बारह बजे से दूसरे दिन तक लगा रहा सडड़ पर भक्तों का सैलाबहेलीकाप्टर से हुई फूलों की वर्षा, हर तरफ हर-हर महादेव, बम-बम भोले की गूंजरास्तेभर होती रही कावडिड़ा पर पुष्प वर्षा, 11 किमी तक 300 से अधिक स्थानों पर दिल खोकर क्षेत्रवासियों ने किया स्वागत**



**सीहोर।** बुधवार को अधिक मास की अंतिम अमावस्या को लगातार दूसरी साल विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में इस वर्ष भी शहर के जीवनदायिनी सीवन नदी से जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में तक करीब 11 किलोमीटर निकाली गई कावड़ यात्रा ने सारे रिकार्ड तोड दिए है। करीब दस लाख से अधिक श्रद्धालु भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के साथ



पैदल चलकर यहां पर भगवान शिव का अभिषेक किया।बुधवार की सुबह भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा ने सीवन नदी घाट पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन अर्चना के बाद कावड़ भरी और उसके बाद लगातार छह घंटे पैदल चलने के बाद मंदिर परिसर में पहुंचे यहां पर अभिषेक और आरती का आयोजन किया गया।इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि कांवड़ मेला सकुशल संपन्न हो गया है। इस साल की कांवड़ यात्रा ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले दो दिन में 10 लाख कांवडिड़े इस बार पहुंचे हैं। जबकि पिछले साल ढाई लाख कांवडिड़े मंदिर पहुंचे थे। सबसे अधिक संख्या में डाक कांवडिड़ों की भीड़ उमड़ी है। सीवन नदी घाट पर मोटर बोट और अन्य संसाधनों की सुविधा रखने के निर्देश दिए थे। देशभर से श्रद्धालु सीहोर पहुंचे। शहर की धर्मशालाएं, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं भीड़ ही नजर आ रही थी, भीड़ को देखते हुए स्टेट हाईवे से गुजरने वाले भारी वाहनों का मार्ग डायवर्ट किया गया। ेपाल से इंदौर जाने वाले भारी वाहनों को सीहोर-आष्टा मार्ग से न भेजकर ब्यावरा-भोपाल व अन्य मार्ग से निकाला गया

# लायंस क्लब प्राइस द्वारा तीज उत्सव का किया आयोजन

ब्यूरो सोनू कुमार
माथुर पुष्पांजलि टुडे

एटा होटल ग्रैंड स्पाइस में लायंस क्लब प्राइड द्वारा तीज उत्सव का भव्य आयोजन किया गया श्रीमती प्रेमलता डेविड धर्मपत्नी सदर विधायक एसडीएम श्रीमती भावना विमल , रेणुका कुशवाह धर्मपत्नी एएसपी, एटा श्रीमती रचना धर्मपत्नी सीओ सिटी एटा, श्रीमती अनामिका धर्मपत्नी जेल सुपरिंटेंडेंट एटा लायंस क्लब की एग्जीक्यूटिव हेड लता सिंह ,अध्यक्ष राजकुमारी सीमा वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष बबीता कुलश्रेष्ठ ,सचिव प्रतिभा यादव ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आगाज किया प्रोग्राम में आए हुए अतिथियों का स्वागत क्लब की अध्यक्षा श्रीमती राजकुमारी सीमा वार्ष्णेय व क्लब के सभी मेंबरों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत लॉयन्स क्लब के द्वारा नि शुल्क सिलाई केंद्र की जो बच्चियां एक कोर्स पूरे हो गए हैं उनको हमारी स्ष्ठरू भावना बिमल जी के द्वारा सर्टिफ़िकेट और मेडल द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस प्रोग्राम का मुख्य आकर्षण मिसेज तीज कांटेक्ट वह मिस तीज रहाद्य जिसमें 30 प्रतियोगियों ने





भाग लिया द्यमिसेज तीज में विनर रही श्रद्धा जैन फर्स्ट रनर अर, बबली चौहान सेकंड रनर अप , निधि गुप्ता और मिस तीज में विनर नहीं अंशिका जौहरी, फर्स्ट रनर अप ,साक्षी जैन रही इसी प्रोग्राम में एक विशेष पुरस्कार भी दिया गया जो हमारी भारतीय संस्कृति को भी प्रस्तुत किया उस विशेष पुरस्कार मिला हमारी मिसेज़ तीज की श्रीमती नेहा गुप्ता जी ।जज की अहम भूमिका श्रीमती डॉली वार्ष्णेय, दीक्षा खवानी श्रीमती साधना चौहान.ने निभाई द्यकार्यक्रम का सफल संचालन मिस आरोही सक्सेना ने किया कार्यक्रम में जय हो बच्चों द्वारा नृत्य और अलंकार ग्रुप के बच्चों के द्वाराएक सुंदर गायन की प्रस्तुति दी गई इसमें गीतू वार्ष्णेय वह बबीता कुलश्रेष्ठ ने दर्शकों से कुछ खेल भी कराएंद्यकार्यक्रम में सभी लायंस क्लब के मेंबर अनीता पांडे, रितु शर्मा ,अलका गुप्ता ,प्रीति सिंह ,प्रीति राघव ,नीलम गुप्ता ,बीना दीक्षित, ममता जौहरी अंजलि गहलोत, हेमा मिश्रा आयशा सिंह, शिवली सभी लोग उपस्थित थे विशेष अतिथियों में पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुधा गुप्ता श्रीमती निशा चौहान जीश्रीमती डॉली सक्सेना गौ रक्षा प्रदेश मंत्री , श्रीमती भावना वार्ष्णेय वेलफ़ेयर समिति ज़िला अध्यक्ष , अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन अध्यक्ष श्रीमती गीता वार्ष्णेय ,सविता हिरानी मोना हिरानी गीता वार्ष्णेय ,शिप्रा वार्ष्णेय अंजना गुप्ता दिपाली गुप्ता सीमा देव अमिता सिंह ज्योति गुप्ता रिंकी जैन सपना रमन तमाम प्रतिष्ठित महिलाएँ उपस्थित रही कार्यक्रम के अंत में क्लब के जोन चेयर पर्सन अनुज जी ने क्लब मेंबर के लिए एक लकी ड्रॉ का कार्यक्रम रखा जिसकी विनर रही ममता जोहरी जी रही ।और समापन एक सुंदर गीतएक दिन बिक जाएगा माटी के मोल जग में रह जाएँगे प्यारे तेरे बोल के साथ रहा ।

## कानपुर को हराकर लखनऊ मंडल पहुंचा सेमी फाइनल में

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल के खेल प्रेमियों के लिए आज दो खुशखबरी आयी। एक तरफ आगरा में चल रहे सब जूनियर बालक फुटबाल चैंपियनशिप में लखनऊ मंडल ने कानपुर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं मऊ में चल रहे जूनियर बालक स्टेट फुटबाल चैंपियनशिप में भी गुरुगोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आगरा में अंडर-16 सब जूनियर बालक फुटबाल चैंपियनशिप का क्वार्टर फाइनल कानपुर मंडल और लखनऊ मंडल के बीच खेला गया। इस मैच में 17 मिनट तक तो दोनों टीमें गोल के लिए कसम-कस करती रहीं, लेकिन 18वें मिनट में लखनऊ मंडल के गौतम थारू ने एक गोल कर बढ़त बना ली। इसके बाद कानपुर मंडल अभी बराबरी करने का प्रयास कर ही रहा था कि लखनऊ मंडल ने 43वें मिनट में एक गोल और दाग दिया। इसके बाद 56वें मिनट में लखनऊ मंडल ने एक और गोलकर मैच को तीन-शून्य से जीतकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं दूसरी तरफ मऊ में चल रहे अंडर-19 जूनियर बालक स्टेट फुटबाल चैंपियनशिप में भी लखनऊ मंडल को सफलता हाथ लगी। वहां भी लखनऊ मंडल और गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। इसमें लखनऊ मंडल ने गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज को तीन-शून्य से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसमें भी पहले 17 मिनट तक दोनों टीमें गोल के लिए तरसती रहीं, लेकिन 18वें मिनट में लखनऊ मंडल के निरंजन ने एक गोल कर दिया। इसके बाद निरंजन ने ही लखनऊ मंडल के लिए 29वें मिनट और 44वें मिनट में एक-एक गोल किये और लखनऊ मंडल ने तीन-शून्य से मैच जीत लिया।

## संप्रीति कप फुटबॉल मैच 10 सितंबर को

**जलपाईगुड़ी।** जिले के राजगंज ब्लॉक में संप्रीति कप फुटबॉल मैच का आयोजन 10 सितंबर को किया जाएगा। आमबाड़ी चिंतामोहन हाई स्कूल में एक संप्रीति कप फुटबॉल मैच का आयोजन



किया जाएगा। तृणमूल युवा कांग्रेस की तरफ से फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाएगा। आमबाड़ी शक्तिसोपान क्लब में पत्रकार सम्मेलन कर राजगंज ब्लॉक युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष तुषार कांति दत्त ने इसकी जानकारी दी।

तुषार कांति दत्त ने कहा कि 10 सितंबर को आमबाड़ी चिंतामोहन हाई विद्यालय के मैदान में चौथी बार संप्रीति कप एक दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। इस एक दिवसीय फुटबॉल मैच में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। विजेता टीम को 60 हजार और उपविजेता टीम को 40 हजार नगद सहित ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावे मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ दी टूर्नामेंट से भी खिलाडियों को सम्मनित किया जाएगा।

## पेरिस ओलंपिक में पहुंची ऑस्ट्रेलियाई हॉकी टीम

**वांगरेई ।** ऑस्ट्रेलिया की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने 2023 ओशिनिया कप जीतकर 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई कर लिया है। दोनों टीमों ने न्यूजीलैंड को हराकर ओलंपिक में जगह पक्की की। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में 3-1 से जीत दर्ज की, जबकि महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया। इसके साथ ऑस्ट्रेलिया ओशिनिया के महाद्वीपीय चैंपियन के रूप में ओलंपिक खेलों के लिये सीधे क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गयी। फ्रांस ने मेज़बान होने के नाते 2024 खेलों के लिये क्वालीफाई किया है। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने कुल मिलाकर दो जीत और एक हार के साथ छह अंक हासिल किये, जबकि महिला टीम ने दो जीत और एक ड्रॉ की बदौलत सात अंक जुटाए। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम के खिलाड़ी जेक हार्वी ने कहा, 'न्यूजीलैंड ने इसे बहुत प्रतिस्पर्धी शृंखला बनाया, लेकिन हम ओलंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई करके बहुत खुश हैं। खेलों से पहले हमें बहुत काम करना है, लेकिन अभी हमें उस पल का आनंद लेना होगा कि हमें ओलंपिक में एक टीम भेजने का मौका मिला है।' न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमें अब एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 खेलेंगी जहां उन्हें ओलंपिक में पहुंचने का दूसरा मौका मिलेगा। पुरुष और महिला प्रत्येक वर्ग में कुल 12 हॉकी टीमें ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेंगी।

## वेस्टइंडीज ने 3-2 से जीती टी20 श्रृंखला, आखिरी मुकाबले में भारत को 8 विकेट से हराया

**फ्लोरिडा।** वेस्टइंडीज ने भारत को टी20 श्रृंखला में 3-2 से हरा दिया है। खेले गए पांचवे और आखिरी टी20 मैच में मेजबान ने मेहमान भारतीय टीम को आठ विकेट से मात दी। भारत की ओर से मिले 166 रन के लक्ष्य को वेस्टइंडीज ने दो विकेट के नुकसान पर 12 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज ब्रेंडेन किंग और विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने जोरदार बल्लेबाजी की। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की। जहां पूरन 47 रन बनाकर आउट हुए। वहीं किंग 85 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके साथ साई होप 22 रन बनाकर नाबाद रहे। जबकि ओपनर बल्लेबाज काइल मेयर्स ने 10 रन बनाए। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए



भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 165 रन बनाए। भारत के लिए सूर्यकुमार यादव ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। इसके अलावा, तिलक वर्मा 27, हार्दिक पांड्या 14, संजू सैमसन और अक्षर पटेल ने 13-13 रन का योगदान दिया। जबकि भारतीय पारी में 11 अतिरिक्त रन भी शामिल रहे। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने 4 विकेट झटके, जबकि अकील हुसैन और जेसन होल्डर को दो-दो सफलता मिली। वहीं रोस्टन चेज को एक विकेट मिला।

## बास्केटबॉल सुपरकप : चीन ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया

**बर्लिन।** चीन ने ली कैयर के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत हैम्बर्ग में 2023 बास्केटबॉल सुपरकप में न्यूजीलैंड को 69-68 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही चीन ने टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। ली ने स्कोरिंग में चीन का नेतृत्व किया और 18 अंकों के साथ टीम के वापसी की नींव रखी।

मैच में न्यूजीलैंड ने जोरदार शुरुआत की और पहले क्वार्टर में बराबरी के बाद 22-16 की बढ़त बना ली।

चीन ने दूसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए 10-0 के स्कोर के साथ 28-27 की बढ़त हासिल कर ली। हालाँकि, न्यूजीलैंड ने आत्मविश्वास से जवाब दिया और दूसरे क्वार्टर को 39-31 की बढ़त के साथ समाप्त किया।

अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के मार्गदर्शन में, चीन ने तीसरे क्वार्टर में वापसी की और न्यूजीलैंड के नौ अंको की बढ़त को घटाकर 4 अंक तक ले आये और स्कोर



54-50 हो गया। जब चीन दो अंक, 68-66 से पिछड़ रहा था, और केवल एक मिनट शेष था, झांग जेनलिन ने ले-अप के साथ 68-68 की बराबरी कर ली। यानि वेटज़ेल के फाउल ने चीन को दो फ्री थ्रो दिए, जिनमें से झोउ क्यूई ने एक फ्री थ्रो किया, जिससे चीन को 27 सेकंड शेष रहते एक अंक का फायदा हुआ। न्यूजीलैंड की उम्मीदें तब धराशायी हो गईं जब ली के अवरोधन ने चीन की करीबी जीत सुनिश्चित कर दी।

## प्रसिद्ध कृष्णा ने केएससीए टी20 टूर्नामेंट के जरिए आयरलैंड दौरे के लिए किया अभ्यास

**नई दिल्ली।** आयरलैंड दौरे से पहले, तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने यहां केएससीए महाराजा ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में हुबली टाइगर्स के खिलाफ मैसूरु वॉरियर्स के लिए पूरी ताकत से गेंदबाजी की। प्रसिद्ध 15 अगस्त को कप्तान जसप्रीत बुमराह सहित अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथ मुंबई से आयरलैंड के लिए रवाना होने वाले हैं।भारत 18, 20 और 23 अगस्त को मलाहाइड, डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलेगा। प्रसिद्ध ने अपने कौशल को निखारने और जाने से पहले अपने शरीर को खेल की माँगों के अनुरूप ढालने के लिए केएससीए टी20 टूर्नामेंट का उपयोग किया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पूरी तीव्रता और गति के साथ दो ओवर डाले और 13 रन देकर एक विकेट हासिल



किया। बड़ी जिम्मेदारियों से निपटने के लिए अपनी तत्परता को रेखांकित करने के लिए प्रसिद्ध ने अपने कर्नाटक टीम के साथी लवनिथ सिसौदिया को शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया।

हालाँकि, उनका स्पैल वॉरियर्स के लिए काम नहीं आया, क्योंकि टाइगर्स ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश से प्रभावित मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की। प्रसिद्ध ने पिछले महीने केएससीए टी20 टूर्नामेंट जी कस्तूरीरंगन मेमोरियल ट्रॉफी टूर्नामेंट में भी गेंदबाजी की थी। उन्होंने सर सैयद क्रिकेटर्स के खिलाफ माउंट जॉय क्रिकेट क्लब के लिए उस मैच में चार विकेट (4-0-36-4) लिए थे।

प्रसिद्ध चोट के कारण लगभग एक साल कर बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। कर्नाटक के तेज गेंदबाज ने भारत के लिए आखिरी बार 20 अगस्त, 2022 को जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय मैच खेला था।

इस साल की शुरुआत में, 27 वर्षीय प्रसिद्ध को लम्बर स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आईपीएल 2023 से बाहर कर दिया गया था। सर्जरी के बाद वह एनसीए में स्वास्थ्य लाभ कर रहे थे।

## संशोधित-कोच्चि केडीज ने रोमांचक फाइनल में किराक हैदराबाद को हराकर जीता प्रो पांजा लीग का खिताब

**नई दिल्ली।** कोच्चि केडीज ने नई दिल्ली के आईजीआई स्टेडियम में खेले गए फाइनल में किराक हैदराबाद को 30-28 से हराकर प्रो पांजा लीग के उद्घाटन सीजन का खिताब जीत लिया। खिताबी मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें रुद्र नाइक और प्रिंस कुमार ने कोच्चि के लिए अपने मुकाबले जीते, जबकि किराक के लिए बुद्दा सिंह और सविता कुमारी ने अपने विरोधियों पर जीत हासिल की। मुख्य कार्ड में, कोच्चि की चेतना शर्मा ने प्रतियोगिता के अपने सबसे कठिन 65



किग्रा मुकाबले में मधुरा केएन से मुकाबला किया। चेतना ने क्लीन स्वीप से मुकाबला जीतकर कोच्चि को बढ़त दिला दी।

लेकिन हैदराबाद के स्टीव थॉमस ने अगले मैच में कोच्चि के आकाश कुमार के खिलाफ 70 किग्रा मुकाबले में तुरंत चैलेंजर राउंड को एक्टिव करते हुए 10-0 से जीत हासिल की और पासा पलट दिया। लेकिन रात में उतार-चढ़ाव जारी रहा क्योंकि योगेश चौधरी ने प्रो पांजा लीग में अपना दबदबा जारी रखा और 65 किग्रा मुकाबले में जिंसी जोस के खिलाफ चैलेंजर राउंड को एक्टिव कर दिया। 10-0 की जीत के साथ कोच्चि ने एक बार फिर बढ़त बना ली.

80 किग्रा के मुकाबले में किराक के कप्तान आस्कर अली का मुकाबला कोच्चि के प्रिंस धीर से था और दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आस्कर ने मैच को 10-0 से जीतने के लिए दूसरे चैलेंजर राउंड को एक्टिव किया और किराक को फिर से प्रतियोगिता में वापस लाया। सिद्धार्थ मालाकार ने शेख मोहम्मद अबरार को क्लीनस्वीप से हराकर 90 किग्रा मुकाबले में 5 अंक हासिल किए, लेकिन मजाहिर सैदु ने उज्जवल अग्रवाल को 10-0 से हराकर मैच को टाई-ब्रेकर में पहुंचा दिया।

किराक के स्टीव ने रुद्र नाइक को हराकर किराक को टाई-ब्रेकर में बढ़त दिलाई, लेकिन मज़ाहिर ने आस्कर अली को मात देकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद चेतना शर्मा ने मधुरा केएन को हराकर कोच्चि केडीज को बढ़त दिलाई और फिर योगेश चौधरी ने जिंसी जोस को एक बार फिर हराकर कोच्चि केडीज को ट्रॉफी जिताने में मदद की।

## बास्केटबॉलः ओलंपिक प्री-क्वालीफायर एशिया चैंपियनशिप में भारत ने लगातार दो जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष बास्केटबॉल टीम ने दमिश्क, सीरिया में छह-टीम प्री-क्वालीफायर एशिया चैंपियनशिप में अपने पहले दो मैचों में मेजबान सीरिया और इंडोनेशिया को हराकर 2024 एफआईबीए पुरुष ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावना बरकरार रखी है। , भारत ने अपने दूसरे मैच में इंडोनेशिया को 90-74 से हराकर दो मैचों से चार अंक जुटाए और बहरीन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गया। बहरीन ने भी अब तक अपने दोनों मैच जीते हैं। भारत की शुरुआत शानदार रही और उसने पहला क्वार्टर 25-16 से और दूसरा क्वार्टर 25-20 से जीतकर हाफ



टाइम तक 50-36 की अच्छी बढ़त ले ली। इंडोनेशिया ने तीसरे क्वार्टर में अच्छी लड़ाई लड़ी। दोनों टीमों ने 19 अंक बनाए। भारत ने चौथे और अंतिम क्वार्टर में इंडोनेशिया के 19 अंकों के मुकाबले 21 अंक बनाए और आसानी से मैच जीत लिया। भारत के लिए मुईन बेक हफीज ने सर्वाधिक 15 अंक बनाए जबकि पलप्रीत सिंह बरार ने नौ रिबाउंड बनाए वहीं, विशेष भृगुवंशी और हफीज ने पांच-पांच सहायता की। इससे पहले भारत ने शनिवार को अल-फ़ैहा स्पोर्ट्स एरेना में सीरिया के खिलाफ 85-74 की जीत के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की थी। भारत ने पहले क्वार्टर में शुरुआती 31-16 की बढ़त बना ली और हालांकि मेजबान टीम ने दूसरे क्वार्टर में मेहमान टीम को 19-17 से हरा दिया, लेकिन भारतीयों ने तीसरा क्वार्टर 23-18 से जीतकर अपनी बढ़त को और बढ़ा दिया। हालांकि चौथे और अंतिम क्वार्टर में सीरिया का दबदबा 21-14 से रहा लेकिन अंत में यह पर्याप्त नहीं था।

## फीडे विश्व कप शतरंज -चीन के वांग को हराकर गुकेश बने विश्व नंबर 7 , अर्जुन भी जीते

**बाकू , अजरबैजान।** फीडे विश्व कप शतरंज प्री क्वाटर फाइनल के पहले क्लासिकल मुक़ाबले में भारत के डी गुकेश और अर्जुन एरिगासी नें जीत दर्ज करते हुए क्वाटर फाइनल की ओर कदम बढ़ा दिये है जबकि विदित गुजराती और हरिका द्रोणावल्ली नें अपने मुक़ाबले ड्रॉ खेले ।

भारत के नंबर एक खिलाड़ी 17 वर्षीय गुकेश हर दिन एक नया विश्व रिकॉर्ड बना रहे है , गुकेश नें आज चीन के अनुभवी खिलाड़ी वांग हाउ को मात देते हुए ना सिर्फ 1-0 की बढ़त बना ली





है बल्कि वह अब 2761 अंको के साथ दुनिया के के सातवे नंबर के खिलाड़ी बन गए है । बड़ी बात यह है की क्वाटर फाइनल में गुकेश का सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन से हो सकता है जिन्होने आज उक्रेन के वेसली इवांचुक को मात देकर इसकी संभावना बढ़ा दी है । भारत के अर्जुन एरिगासी भी आज जीत दर्ज करने में सफल रहे उन्होने नीदरलैंड के निल्स ग्रंडेलीयूस को हराया और क्वाटर फाइनल दौड़ में आगे निकल गए है ।अन्य खिलाड़ियों में विदित गुजराती नें यान नेपोमनिशि से , कल बड़ा उलटफेर करने वाले प्रज्ञानन्दा नें हंगरी के फ्रेंक बेकेर्स से और महिला वर्ग में हरिका द्रोणावल्ली नें रूस की अलेकसांद्रा गोरयाचिकना से ड्रॉ खेला ।

## एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत के बाद FIH रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा भारत

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में खिताबी जीत के बाद भारतीय हॉकी टीम एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) की नवीनतम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। एशियाई खेलों से पहले रैंकिंग में इस सुधार से भारतीय टीम का हौसला बढ़ेगा। भारत (2771.35 अंक) इंग्लैंड (2763.50 अंक) को पछाड़ कर एक स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचा। इस रैंकिंग में नीदरलैंड (3095.90 अंक) पहले और बेल्जियम (2917.87 अंक) दूसरे स्थान पर हैं। यह दूसरी बार है जब भारत



एफआईएच रैंकिंग में तीसरे पायदान पर पहुंचा। भारतीय टीम ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल करने के बाद यही रैंकिंग हासिल की थी।

तोक्यो में भारत ने ओलंपिक में पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया था। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शनिवार को मलेशिया को 4-3 से हराकर चौथी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीता और 23 सितंबर से होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया। एसीटी की उपविजेता मलेशिया नौवें स्थान पर बरकरार है। इस रैंकिंग में कोरिया 11वें, पाकिस्तान 16वें स्थान पर है। टूर्नामेंट में तीसरी स्थान पर रही जापान की टीम रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ 18वें स्थान पर पहुंच गई।

## जीव मिल्खा सिंह लीजेंड्स टूर में संयुक्त छठे स्थान पर

**लंदन।** भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने लीजेंड्स टूर ट्रॉफी के पहले टूर्नामेंट के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का स्कोर बनाया। जीव ने अंतिम नौ होल में लगातार पांच बर्डी बनाई। उन्होंने कुल छह बर्डी बनाई लेकिन इस बीच दो बोगी भी की। वह पहले दौर के बाद संयुक्त छठे स्थान पर हैं। स्वीडन के जोकिम हेगमैन और वेल्शमैन स्टीफन डोड ने शुरुआती दिन के बाद संयुक्त बढ़त पर हैं। जीव ने अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह वेल्स में सीनियर ओपन में संयुक्त 14वें और फिर जेसीबी चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे थे।



## बेन स्टोक्स को विश्व कप 2023 के लिए मनाने की तैयारी, जोस बटलर को मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट विश्व कप 2019 की विजेता टीम इंगलैंड एक बार फिर से अपने रिटायर प्लेयर बेन स्टोक्स को वापस लाने की तैयारी कर रही है। स्टोक्स जोकि पिछले साल ही वनडे फार्मेट से संन्यास ले चुके हैं, को मनाने के लिए इंगलैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर प्रयास कर सकते हैं। माना यह जा रहा है कि 2019 विश्व कप में स्टोक्स का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था और वह इस साल भी शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हो सकते हैं। विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में इंगलैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है। 2019



क्रिकेट विश्व कप के दौरान इन्हीं दो टीमों के बीच फाइनल मुकाबला हुआ था। एक बार फिर से यह मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। ऐसे में इंगलैंड क्रिकेट

**स्टोक्स जोकि पिछले साल ही वनडे फार्मेट से संन्यास ले चुके हैं, को मनाने के लिए इंगलैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर प्रयास कर सकते हैं।**

मैनेजमैंट इस मैच में अपने सर्वश्रेष्ठ प्लेयरों में से एक स्टोक्स को जरूर बुलाना चाहेगी।

इंग्लैंड के सफेद गेंद के कोच मैथ्यू मॉट ने कहा कि सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर संभावित वापसी के संबंध में स्टोक्स के साथ बातचीत शुरू करने का नेतृत्व करेंगे। मॉट ने कहा कि बेन हम सभी के साथ बहुत सीधा है। हम देखेंगे कि क्या वह उत्सुक है। वह क्या करने जा रहे हैं। इस पर अभी कोई स्पष्ट निर्देश नहीं आया है, लेकिन हम अभी भी आशान्वित हैं। मॉट बोले- मैंने हमेशा कहा है कि उसकी गेंदबाजी एक बोनस होगी, लेकिन जरा देखिए कि वह बल्ले से क्या लाता है, यहां तक कि मैदान में भी। मॉट ने टीम के लिए स्टोक्स के बहुमुखी मूल्य पर जोर दिया और कहा कि पूरे एशेज सीरीज के दौरान उन्हें देखकर ऐसा लगा कि उनकी उपस्थिति बहुत अच्छी थी। जब एकदिवसीय क्रिकेट में प्रदर्शन की बात आती है तो उसने वर्षों तक ऐसा किया है और इसलिए वह एक अमूल्य वस्तु है।

## टाटा स्टील अभी किसी नए अधिग्रहण को उत्सुक नहीं है :कंपनी सीईओ

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी टाटा स्टील अभी किसी अन्य नए अधिग्रहण के लिए उत्सुक नहीं है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेंद्रन ने ऐसे समय में यह बयान दिया है जब वेदांता लिमिटेड अपने इस्पात तथा इस्पात बनाने वाले कच्चे माल के कारोबार की समीक्षा व मूल्यांकन कर रही है। वेदांता लिमिटेड ने जून में कहा था कि वह तुरंत समीक्षा शुरू करेगा और अपने कुछ या सभी इस्पात व्यवसायों की संभावित रणनीतिक बिक्री सहित विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला का मूल्यांकन करेगी। नरेंद्रन ने वेदांता लिमिटेड के इस्पात व्यवसाय को खरीदने में उनकी कंपनी की रुचि पर पूछे सवाल पर कहा, ''हम किसी अन्य नए अधिग्रहण के लिए उत्सुक नहीं हैं... हमें इसकी जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा कि टाटा स्टील की मौजूदा साइट पर अभी करने को बहुत कुछ है। उन्होंने टाटा स्टील के ब्रिटेन स्थित परिचालन के बारे में कहा, हम ब्रिटेन सरकार के साथ समाधान के लिए बातचीत कर रहे हैं। हम सरकार (वहां की) के साथ आम सहमति बनाना चाहेंगे। नरेंद्रन ने कहा कि फिलहाल ब्रिटेन में समस्या नहीं है, और उत्पादन प्रभावित नहीं हुआ है। लेकिन बात यह है कि संपत्तियां पुरानी हैं और वो बहुत भरोसेमंद नहीं रह गई हैं।




## Deloitte ने की थी हिंडनबर्ग के आरोपों की बाहर से स्वतंत्र जांच की मांग

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की एक कंपनी से लेखा परीक्षक के तौर पर इस्तीफा देने से पहले डेलॉयट ने अमेरिकी शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों की बाहर से स्वतंत्र जांच कराने की मांग की थी। कंपनी ने हालांकि कहा कि आरोपों का वित्तीय लेखा-जोखा पर कोई असर नहीं पड़ा था और डेलॉयट के छोड़कर जाने के लिए बताया गया कारण संतोषजनक नहीं था। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशन इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने शेयर बाजार को भेजे 163 पन्नों की रिपोर्ट में डेलॉयट हास्किंस एंड सेल्स एलएलपी का इस्तीफा भेजा था। एपीएसईजेड ने कहा कि डेलॉयट के अधिकारियों ने बैठक में अडाणी समूह की अन्य सूचीबद्ध कंपनियों के लेखा परीक्षक (ऑडिटर) के रूप में व्यापक ऑडिट भूमिका की कमी पर चिंता व्यक्त की।हालांकि, फर्म ने ऑडिटर को बताया कि ऐसी नियुक्तियों की सिफारिश करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है क्योंकि अन्य संस्थाएं पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। पूर्व केंद्रीय गृह सचिव और एपीएसईजेड की लेखापरीक्षा समिति के चेयरमैन गोपाल कृष्ण पिल्लई ने कहा, (एपीएसईज़ेड की) लेखापरीक्षा समिति का विचार था कि वैधानिक लेखापरीक्षक के रूप में इस्तीफे के लिए डेलॉयट द्वारा दिए गए आधार इस तरह के कदम के लिए ठोस या पर्याप्त नहीं थे। उन्होंने कहा कि डेलॉयट लेखा परीक्षक के रूप में बने रहने को तैयार नहीं थी और इसलिए, ग्राहक-लेखा परीक्षक संविदात्मक संबंध को सौहार्दपूर्ण ढंग से समाप्त करने पर सहमति हुई।




## आगामी त्योहारों में यात्री वाहनों की बिक्री के 10 लाख इकाई का आकंड़ा पार करने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** त्योहारों के दौरान इस साल घरेलू यात्री वाहन की बिक्री के 10 लाख इकाई का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है। इस वर्ष 68 दिन के त्योहारों का मौसम 17 अगस्त से शुरू होकर 14 नवंबर तक चलेगा।

हालांकि, इस अवधि में कुछ दिन खरीदारी के लिए शुभ नहीं माने जाते। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन व बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि आमतौर पर त्योहारों के दौरान बिक्री बढ़ जाती है, जो पूरे वर्ष होने वाली बिक्री का करीब 22-26 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, '' इस वित्तीय वर्ष में यात्री वाहन की कुल बिक्री 40 लाख इकाई के दायरे में रहने की उम्मीद है, त्योहारों के दौरान करीब 10 लाख इकाइयों की बिक्री होने की उम्मीद है। '

# कैट को 'हर घर तिरंगा अभियान' से 600 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का अनुमान है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'हर घर तिरंगा अभियान' से इस वर्ष देशभर में करीब 35 करोड़ तिरंगे झंडे की बिक्री होगी, जिससे लगभग 600 करोड़ रुपये का व्यापार होगा। पिछले वर्ष इस अभियान से लगभग 500 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था। कैट ने देशभर के व्यापारियों से अपनी दुकानों एवं घरों पर 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज जरूर लगाने और अपने कर्मचारियों को भी तिरंगे झंडे वितरित करने की अपील की है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि राष्ट्रभक्ति एवं स्व-रोजगार से




जुड़े इस अभियान ने पूरे देश में लोगों के बीच देशभक्ति की भावना को बढ़ाने के साथ को-आपरेटिव व्यापार की बड़ी संभावनाएं खोल दी हैं।

खंडेलवाल ने तिरंगा के प्रति लोगों के समर्पण और उत्साह को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस साल 15 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को 'स्वराज वर्ष' घोषित करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री से यह भी आग्रह किया कि अगले महीने होने वाले जी-20 सम्मेलन के अवसर पर भी देश के लोगों से हर घर तिरंगा की अपील की जाए। खंडेलवाल ने कहा कि आज से 15 अगस्त तक देशभर में कैट के झंडे तले देश के व्यापारी संगठन 4000 से अधिक तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

इसमें तिरंगा रैलियां, तिरंगा मार्च, तिरंगा गौरव यात्रा एवं स्वराज मार्च जैसे कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा से देशभर में 10 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया, जिन्होंने अपने घर में या छोटे स्थानों पर स्थानीय दर्जी की सहायता से बड़े पैमाने पर तिरंगा झंडा बनाया है।

## Fiscal position: महाराष्ट्र पहले, छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर; पश्चिम बंगाल, पंजाब, केरल निचले तीन पायदान पर

**मुंबई।** देश के सबसे गरीब राज्यों में से एक छत्तीसगढ़ बेहतर राजकोषीय स्थिति की सूची में महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर है और तेलंगाना इस सूची में तीसरे स्थान पर है। वहीं निचले तीन पायदान पर पश्चिम बंगाल, पंजाब और केरल हैं। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। डॉयचे बैंक इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक दास द्वारा प्रमुख 17 राज्यों के वित्तीय स्वास्थ्य पर तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले बजट अनुमानों के आधार पर महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हैं। निचले तीन पायदान पर पश्चिम बंगाल, पंजाब और केरल हैं। दूसरी ओर वित्त वर्ष 2022-23 के संशोधित बजट अनुमानों के आधार पर, महाराष्ट्र रैंकिंग में शीर्ष पर रहा। इसके बाद छत्तीसगढ़, ओडिशा तेलंगाना और झारखंड हैं। इस दौरान पश्चिम बंगाल का प्रदर्शन सबसे खराब था, जबकि उसके बाद पंजाब, बिहार, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का नाम आता है। केरल सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले पांच राज्यों से बाहर रहा। आंध्र प्रदेश की रैंकिंग वित्त वर्ष 2021-22 में आठवें स्थान से गिरकर वित्त वर्ष 2022-23 में 11वें स्थान पर आ गई। गुजरात पांचवें से सातवें स्थान पर खिसक गया है। प्रमुख 17 राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर आधारित रिपोर्ट चार प्रमुख राजकोषीय मापदंडों- राजकोषीय घाटा, स्वयं का कर राजस्व, राज्य ऋण स्तर (सभी उनके व्यक्तिगत सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में) और अंत में राजस्व प्राप्तियों के मुकाबले ब्याज भुगतान पर आधारित है।

## आईआरसीटीसी के नकली एप से हो रही धोखाधड़ी, निजी जानकारी हो सकती है लीक

**नई दिल्ली।** अगर आप रेलवे टिकट बुक करने के लिए आईआरसीटीसी एप का इस्तेमाल कर रहे हैं तो सावधान होने की जरूरत है। आईआरसीटीसी ने ग्राहकों को एक ईमेल भेजकर कहा है कि नकली मोबाइल एप इस समय तेजी से चल रहे हैं। इसके जरिये धोखेबाज बड़े पैमाने पर नकली लिंक भेज रहे हैं और ग्राहकों को फंसा रहे हैं।

आईआरसीटीसी ने कहा है कि नकली आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट मोबाइल एप डाउनलोड करने के लिए मैसेज आता है। ऐसे फर्जी मोबाइल एप से बचना चाहिए। उन्हें केवल गूगल प्ले या फिर एपल एप स्टोर से ही आईआरसीटीसी के एप को डाउनलोड करना चाहिए।

**निजी जानकारी हो सकती है लीक**

करोड़ों लोग आईआरसीटीसी के एप का उपयोग करते हैं। ऐसे में इस तरह के नकली एप से लोगों की निजी जानकारी धोखेबाजों के हाथ लग सकती है और इससे उन्हें नुकसान हो सकता है।

**शीर्ष सात कंपनियों की पूंजी 74,603 करोड़ रुपये घटी**

शेयर बाजार की शीर्ष सात कंपनियों की पूंजी में पिछले हफ्ते




74,603 करोड़ की कमी आई है। सबसे अधिक 25,011 करोड़ एचडीएफसी बैंक के पूंजीकरण में कमी आई। आईसीआईसीआई बैंक की पूंजी 12,781 करोड़, एयरटेल की 11,096 करोड़ और एचयूएल की 10,396 करोड़ घट गई।

**विदेशी निवेशकों ने निकाले 3,200 करोड़ रुपये**

मुंबई। वैश्विक बाजारों में अनिश्चतता के चलते अगस्त में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 3,200 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले इन्होंने जुलाई, जून और मई में भारी निवेश किया था। इस साल बाजार में इन निवेशकों ने अब तक 1.26 लाख करोड़ का निवेश किया है।

**त्योहारों में 10 लाख के पार जा सकती है यात्री वाहनों की बिक्री**

त्योहारों में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 10 लाख के पार हो सकती है। इस वर्ष 68 दिन के त्योहारों का मौसम 17 अगस्त से शुरू होकर 14 नवंबर तक चलेगा।

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी शशांक श्रीवास्तव ने बताया, त्योहारों के दौरान बिक्री बढ़ जाती है। यह पूरे वर्ष की बिक्री का करीब 22-26 प्रतिशत होती है। उन्होंने कहा, इस वित्तीय वर्ष में यात्री वाहन की बिक्री 40 लाख रह सकती है। इस साल उद्योग में मजबूत बिक्री देखी गई और आने वाले महीनों में भी इसके जारी रहने की उम्मीद है।

## भारत ने भगोड़े आर्थिक अपराधियों के प्रत्यर्पण और भ्रष्टाचार मुक्त दुनिया की वकालत की

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कोलकाता में महत्वपूर्ण जी-20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान भ्रष्टाचार मुक्त दुनिया बनाने के अलावा भगोड़े आर्थिक अपराधियों के तेजी से प्रत्यर्पण और उनकी संपत्ति की वसूली पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भगोड़े आर्थिक अपराधी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पैदा करते हैं, क्योंकि वे न्याय से बचने के लिए देशों की कानूनी और वित्तीय प्रणालियों के बीच अंतराल और मतभेदों का फायदा उठाने में सक्षम हैं।

केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री सिंह ने कहा, भगोड़े आर्थिक अपराधी अपने देश में गंभीर आर्थिक अपराध करते हैं और गिरफ्तारी, अभियोजन या अपनी सजा की तामील से बचने के लिए दूसरे देश में भाग जाते हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराधों में धोखाधड़ी, कर चोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और गबन जैसी कई प्रकार की अवैध गतिविधियां शामिल हैं। सिंह ने कहा, उनके काम कानून के शासन को कमजोर करते हैं, आर्थिक विकास में बाधा डालते हैं और अक्सर



भ्रष्टाचार में योगदान देते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 भ्रष्टाचार निरोधक कार्य समूह (एसीडब्ल्यूजी) कानून प्रवर्तन सहयोग और सूचना साझाकरण और संपत्ति वसूली तंत्र को मजबूत करने से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाने में सफल रहा है। मंत्री ने कहा, जी-20 के रूप में हमें अपनी महत्वाकांक्षा के प्रति साहसी होने और भ्रष्टाचार से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग में कमियों को दूर करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। मुझे यकीन है कि जी-20 सदस्य प्रत्यर्पण तंत्र की प्रभावशीलता को बढ़ाने और सीमा पार वित्तीय प्रवाह की बेहतर ट्रैकिंग की सुविधा हेतु इन सिद्धांतों को लागू करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे, जो भगोड़े आर्थिक अपराधियों को रोकेगा। सिंह ने कहा कि भारत भ्रष्टाचार से निपटने के लिए एक मजबूत और समग्र दृष्टिकोण का प्रबल समर्थक रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं के रूप में यह जी-20 की जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि हम इस गति को तब तक जारी रखें जब तक कि 'भ्रष्टाचार मुक्त दुनिया' बनाने का यह दृष्टिकोण वास्तविकता न बन जाए। उन्होंने कहा, मजबूत भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों को प्राथमिकता देकर और उसे लागू करके हम पारदर्शिता, अखंडता और जवाबदेही के लिए वैश्विक मानक स्थापित कर सकते हैं।

## ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ आयकर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही पर कोर्ट की रोक, विभाग को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गैर सरकारी संगठन ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ आयकर पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अदालत ने आयकर विभाग (आईटी) को नोटिस जारी किया और एनजीओ द्वारा दायर याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें उसके खिलाफ जारी नोटिस और आदेश को चुनौती दी गई थी।

रिकॉर्ड के मुताबिक, 7 सितंबर, 2022 को एनजीओ पर एक सर्वेक्षण किया गया था, जिसके कारण वर्ष 2016-17 के लिए पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू की गई और इस साल 29 मार्च को ऑक्सफैम को एक नोटिस जारी किया गया।

पीठ ने कहा,'अगले छह सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दायर किया जाएगा। इस पर यदि कोई प्रत्युत्तर हो तो सुनवाई की अगली तारीख से कम से कम पांच दिन पहले दायर किया जाएगा।' न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने कहा, 'मामले को 22 नवंबर, 2023 को सूचीबद्ध किया जाए। इस बीच, अदालत के अगले निर्देश तक पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही जारी रखने पर रोक रहेगी।'

एनजीओ को 29 मार्च को आईटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक नोटिस जारी किया गया




था, जिसने याचिकाकर्ता के खिलाफ इस आधार पर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू कर दी थी कि याचिकाकर्ता कथित तौर पर मुकदमेबाजी गतिविधियों में शामिल था जो विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) की धारा 8 (1) का उल्लंघन था। इसके अलावा, इसे कथित तौर पर विदेशी नागरिकों से संदिग्ध योगदान प्राप्त हुआ था और यह भविष्य की परियोजनाओं के लिए एडवांस के रूप में प्राप्त 15.09 करोड़ रुपये के राजस्व के रूप में मान्यता देने में विफल रहा था।

एनजीओ के वकील ने दलील दी कि अधिकारियों ने याचिकाकर्ता के साथ सर्वेक्षण रिपोर्ट साझा नहीं की और इसके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही पर सीमित रोक है। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसके खिलाफ लगाया गया यह आरोप कि उसे विदेशी नागरिकों से चंदा मिला है जो संदिग्ध है, गलत है क्योंकि योगदानकर्ताओं का विवरण और नाम मुहैया कराया गया है। पीठ ने कहा कि आकलन अधिकारी (एओ) का यह कहना कि 15.09 करोड़ रुपये को आय के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए थी, पूरी तरह से गलत है, क्योंकि ये एडवांस के रूप में था था जिनका उपयोग भविष्य की वस्तुओं के लिए किया जाना था और इसलिए यह वह आय नहीं थी जो विचाराधीन अवधि में उत्पन्न हुई थी।

आयकर विभाग के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एनजीओ का एफसीआरए लाइसेंस खराब चल रहा है और याचिकाकर्ता इस अदालत में एक अन्य पीठ के समक्ष अपने अधिकार के लिए लड़ रहा है।

## एफडी पर ज्यादा ब्याज पाने का यह सही समय, तीन साल पैसा फिक्स्ड करना है फायदेमंद

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तीसरी बार दरों को अपरिवर्तित रखने के फैसले से अभी भी समय है कि आप फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ज्यादा ब्याज ले सकें। एफडी निवेश के लिए एक से तीन साल की समय सीमा को सबसे फायदेमंद अवधि माना जाता है।

हाल के समय में एफडी में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया, क्योंकि मई 2022 में जब आरबीआई ने रेपो दर में बढ़ोतरी शुरू की तो बैंकों ने भी लगातार ब्याज दरें बढ़ानी शुरू कर दी थी। पिछले 10 महीनों में केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2023 तक 2.5 प्रतिशत रेपो दर में बढ़ोतरी की। इस दौरान फिक्स्ड डिपॉजिट की दरें भी 9 फीसदी तक पहुंच गई थी। पिछले तीन बार से रेपो दर में कोई वृद्धि नहीं होने से बैंक अब एफडी पर मिलने वाले ब्याज में कटौती कर सकते हैं।

**8.60फीसदी तक मिल रहा है ब्याज जमा पर**

सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक अभी भी 8.60 फीसदी ब्याज एफडी पर दे रहा है। इसकी वेबसाइट के मुताबिक, एक साल के जमा पर 6.85 फीसदी, एक साल से 15 माह तक के जमा पर 8.25 फीसदी और 15 माह से दो साल के जमा पर 8.50 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। दो साल से तीन साल के जमा पर 8.60 प्रतिशत तक ब्याज दे रहा है। एक्सिस बैंक दो साल से 30 माह तक के जमा पर 7.20 फीसदी ब्याज दे रहा है। जबकि 13 महीने से ज्यादा पर 7.10 फीसदी और 30 माह से तीन साल के जमा पर 7 प्रतिशत का ब्याज दे रहा है। एचडीएफसी बैंक 4 साल से 55 महीने की अवधि पर 7.25 फीसदी ब्याज दे रहा है। आईसीआईसीआई बैंक 15 से 18 महीने की अवधि पर 7.10 प्रतिशत ब्याज दे रहा है।




**बैंकों के पास है भरपूर तरलता**

बैंकों के एफडी पर दरों में कटौती से यह संकेत मिल रहा है कि वे आगे भी इसे जारी रखेंगे। एफडी दरें कई कारकों से प्रभावित होती हैं। इनमें रेपो दर, कर्ज और जमा के बीच भारी अंतर और बैंकों की तरलता प्रमुख हैं। जहां तक तरलता की बात है तो 2000 रुपये के नोट को चलन से वापस लेने के बाद बैंकों के पास भरपूर तरलता आ गई है। यही कारण है कि आरबीआई ने बैंकों से एक लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त तरलता वापस लेने का कदम उठाया है। पिछले साल जब रेपो दर बढ़ रही थी, तब बैंकों का कर्ज 17 फीसदी बढ़ा था, जबकि जमा 10 फीसदी बढ़ा था। ऐसे में इस सात प्रतिशत के अंतर को पाटने के लिए बैंकों ने एफडी पर जमकर दरें बढ़ाई थीं।

**पांच बैंकों ने दरों में की कमी**

पिछले 15 महीनों में बैंकों में जमा राशि पर औसत ब्याज दरों में लगातार वृद्धि देखी गई है। ऐसे में अब एफडी दरों में वृद्धि का युग समापन की ओर है। रेपो दर की यथास्थिति कायम रहने के साथ बैंक अब एफडी दरों को कम करने की सोच रहे हैं। पिछले दो महीनों के भीतर लगभग पांच बैंकों ने एफडी ब्याज दरों में कटौती की है।

एक्सिस बैंक ने 26 जुलाई से प्रभावी एफडी दरों में 0.10 प्रतिशत तक की कटौती की। दूसरे सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पीएनबी ने भी जून में एफडी दरों को 0.05 प्रतिशत तक कम कर दिया था।

**बैंक ऑफ इंडिया ने एक फीसदी तक घटाया ब्याज**

बैंक ऑफ इंडिया एफडी पर ब्याज में कटौती में अग्रणी बनकर उभरा है। इसने एक प्रतिशत की कटौती की। ये संशोधित दरें 28 जुलाई से लागू हैं। इंडसइंड बैंक ने 5 अगस्त से एफडी दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 0.85 प्रतिशत की कमी की है। अन्य बैंक संभावित रूप से आगामी अवधि में एफडी ब्याज दरों को कम कर सकते हैं।

बैंक या कॉरपोरेट एफडी जोखिम के लिहाज से सर्वोत्तम है। ब्याज दरें आगे जाकर कम हो सकती हैं। ऐसे में अगर अभी ज्यादा ब्याज मिल रहा है तो एफडी कराने में भलाई है।

-अर्चना पांडे, निवेश सलाहकार

## पीएलआई के तहत आवंटित राशि इस साल 13000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है, बोले डीपीआईआईटी सचिव



**नई दिल्ली।** सरकार उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत लाभ पाने की इच्छुक पात्र कंपनियों को करीब 13000 करोड़ रुपये का वितरण कर सकती है। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि चालू वर्ष से पीएलआई के तहत वितरित की गई राशि और बड़ी होगी। उन्होंने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि मुझे लगता है कि इस साल करीब 13,000 करोड़ रुपये का वितरण किया जाएगा। सरकार ने योजना के तहत अब तक प्राप्त 3,400 करोड़ रुपये के दावों में से मार्च 2023 तक केवल 2,900 करोड़ रुपये का वितरण किया है। इस योजना की घोषणा 2021 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ दूरसंचार, व्हाइट गुड्स, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों के निर्माण, ऑटोमोबाइल, विशेष स्टील, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मा जैसे 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी।

यह पूछे जाने पर कि पूरा कोष कब वितरित किया जाएगा, सिंह ने कहा, 'यह कहना मुश्किल है क्योंकि इसमें कई कारक शामिल हैं। लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि योजना के कार्यकाल के दौरान इसका एक अच्छा हिस्सा समाप्त हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि इस योजना से होने वाली बचत पर पहले से ही अन्य पीएलआई योजनाओं या पुनर्गठित पीएलआई योजनाओं के लिए विचार किया जा रहा है।

## एक्स से कमाई सीमा से अधिक तो लगेगा 18 फीसदी जीएसटी, पंजीकरण भी कराना होगा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) से विज्ञापन राजस्व साझाकरण योजना से उपयोगकर्ताओं को होने वाली आय को जीएसटी कानून के तहत आपूर्ति माना जाएगा और इस पर 18त्न कर देना होगा। बशर्ते यह कमाई जीएसटी से 20 लाख रुपये तक की आय की सीमा से अधिक हो। उसे जीएसटी का पंजीकरण भी




कराना होगा।

विशेषज्ञों के अनुसार किसी व्यक्ति की किराये से आय, बैंक जमा पर ब्याज व अन्य पेशेवर समेत विभिन्न सेवाओं से एक साल में कुल आय 20 लाख से ज्यादा होती है, तो उस पर जीएसटी लगता है। मिजोरम, मेघालय, मणिपुर जैसे कुछ विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए यह सीमा 10 लाख रुपये है।

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ पार्टनर रजत मोहन ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति बैंक से ब्याज के रूप में सालाना 20 लाख हासिल करता है और एक्स से भी एक लाख रुपये तक की कमाई करता है तो पूरी कमाई 21 लाख मानी जाएगी। उसे छूट की सीमा 20 लाख को छोड़कर एक लाख पर 18त्न जीएसटी देना होगा।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एवं आओ हाथ बड़ायें सेवा संस्था के द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सेवा भारती के संयुक्त तत्वाधान में गिर्राज जी महाराज की कृपा से राम नगर आदिवासी बस्ती पर ध्वजारोहण कर अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया





पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतियोगिता , पाठ्यपुस्तक स्कूल बैग एवं पाठ्य सामग्री का वितरण , स्वल्पाहार



चित्रकला प्रतियोगिता , नृत्यकला एवं भोजन* का आयोजन किया गया। तथा इसके बाद आरोग्यधाम अस्पताल पर बीमार व्यक्तियों के परिजनों हेतु भोजन उपलब्ध कराया गया। जोकि संस्था का अष्टत्रिंशत कार्यक्रम था। कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी अतिथियों श्री मक्खन लाल ओझा जी (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी) श्री सीताराम बाथम (केबिनेट मंत्री म. प्र. सरकार), डॉ. राकेश कुमार बाथम(जिला अध्यक्ष),श्री वीरेंद्र कुमार माँझी (जिला उपाध्यक्ष ), श्री सुरेश कुमार मोगिया (मण्डल अध्यक्ष),श्रीमती आरती राठौर(मण्डल उपाध्यक्ष),श्रीमती रीना सोलंकी ,श्री दिलीप, श्री अशोक(सेवा भारती पदाधिकारी) तथा बड़ चड़कर हाथ बड़ाने वाले एवं पिछले कुछ दिनों से दिन रात मेहनत करने वाले सभी आओ हाथ बड़ायें सेवा संस्था पदाधिकारी श्री शिवकांत ओझा जी, श्री आलोक कुमार जी, श्री विवेक शर्मा जी, श्री दिनेश राठौर जी, श्री अनूप जी , श्री हिमांशु श्रीवास्तव, श्री शैलेंद्र जी एवं श्री अर्पित तथा सभी सहयोगियों का सहृदय धन्यवाद। प्रतियोगिता में भाग लेने एवं जीतने वाले सभी प्रतियोगियों को बहुत बहुत बधाई। संस्था सेवा क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने वाले श्री प्रवीण राठौर जी को बहुत बहुत बधाई।।

# ऋषि कुल विद्यापीठ में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया 77 वां स्वतंत्रता दिवस

## पूर्व मंत्री व प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ व पत्रकार गण रहे मौजूद

उमाकान्त शर्मा
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** शहर के शताब्दीपुरम के ऋषिकुल विद्यापीठ परिसर में 77 वा स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।संचालक विकाश शर्मा अमर शर्मा ने ध्वजारोहण किया। ततपश्चात राष्ट्गान हुआ एवं शहीदों को याद किया गया।स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कई नेता व ब्राह्मण महासभा के संभागीय अध्यक्ष आशीष उर्फ शेरसिंह दंडोतिया एवं स्कूल स्टाफ के साथ-साथ क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक व आमजन और बच्चे भी सम्मलित हुये। ऋषिकुल विद्यापीठ स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित हुए आदरणीय मुन्नालाल गोयल पूर्व कैबिनेट मंत्री,नीतेश शर्मा जी प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा,दिनेश शर्मा जी पत्रकार,



मनोज शर्मा अरविंद दोनरिया जी शेर सिंह दंडोतिया संभागीय अध्यक्ष,विकास शर्मा स्कूल डायरेक्टर,अमर शर्मा जी प्राचार्य दीपक शास्त्री जी,शिवकांत ठेकेदार, पंकज आदि सभी को हमारे विद्यालय में उपस्थित रहे।तथा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।अंत में स्कूल प्रबंधन ने सभी अतिथियों का बहुत-बहुत आभार जताया।

# भाजपा मौ मंडल महामंत्री राजू मिश्रा जी के चाचा जी के निधन पर भाजपा के कई नेता एवं कार्यकर्ता पहुंचे शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निज निवास पर





पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़

कुछ दिन पहले ही मौ मंडल के महामंत्री राजू मिश्रा जी के चाचा जी का स्वर्गवास हो गया था इस बीच लगातार भाजपा के कई कार्यकर्ता एवं नेता पहुंच रहे हैं उनके यहां शोक संवेदना व्यक्त करने मौ मंडल के कई कार्यकर्ता आज पहुंचे उनके निज निवास पर नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष मुकेश भारद्वाज जी, भाजपा नेता पुरुषोत्तम बनोरिया जी, जिला पंचायत सदस्य अवधेश सिंह, जिला मंत्री फरेंद्र सिकरवार जी, मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, रामअवतार गुर्जर जी, अजय झा, डॉ बेताल गौड़, सोमवीर शिवहरे,रामू कुशवाह, जिनेंद्र जैन, सुरेंद्र जैन,सोनू जादौन, धर्मेंद्र यादव, कोमल यादव, कल्लूजैन, दिनेश गुर्जर, अनिल बौहरे , अवनीश शर्मा ,राजू शर्मा, पवन मिश्रा, सत्येंद्र पत्रकार, शैलू मिश्रा, राजेश कुशवाह चंद्रप्रकाश कुशवाह,दिलीप कुशवाह, आदि कई कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की

# किसी अधिकारी का कार्यकाल कैसा रहा, देखना हो तो उसका विदाई समारोह देखो, इस आईपीएस अधिकारी के विदाई समारोह में भावुक हुए जवान...

केशब पंडित जी अम्बाह...

**ग्वालियर...** उन्हीं की उड़ान को पंख लगते हैं, जिनके हौसलों में दम होता है। मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा है तो असंभव कुछ नहीं। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है आईपीएस डा. असित यादव ने। एक सपना देखा, आईपीएस बनना है। दूसरे क्षेत्र में नौकरी के कई मौके मिले डाक्टर बने एमबीबीएस एमडी पर इन्हें तो आईपीएस बनना था। कड़ी मेहनत से उन्होंने 2011 में अपने अथक प्रयास से ढ्ढक्र की परीक्षा उत्तीर्ण की। कहते हैं कि किसी अधिकारी का कार्यकाल कैसा रहा, यह देखना हो तो उसका विदाई समारोह देखो। यह समारोह अधिकारी के कार्यकाल और उसके कार्यो का आईना होता है। कुछ ऐसा ही कार्यकाल रहा आईपीएस डा. असित यादव का। वर्ष 2011 बैच के आइपीएस अधिकारी डा. असित एक साल तक उमरिया के एसपी रहे। इस छोटे से कार्यकाल में उन्होंने उमरिया जिले की जनता से लेकर अपने जवानों का दिल जीत लिया। दूसरा मुरैना जिले मे डेढ बर्ष की कप्तानी



से पूरे जिले का दिल जीत लिया उस समय उनकी बिदाई सबलगढ से लेकर अम्बाह डिबीजन तक बडे ही धूम धाम से बिदाई की गई और मुरैना की जनता उन्है कभी नही भूल पायेगी उसके बाद ग्वालियर सैकिन्ड बटालियन में कमाडेन्ट के रूप मे पदस्थ रहैप्रशासनिक सेवा में कुछ समय बाद तबादला होना निश्चित है। एसएएफ में कार्यकाल का हर जवान और लिपकीय स्टाफ सहित थाने व चौकियों के प्रभारी व अन्य अधिकारी भी विदाई समारोह में पहुंचे। बटालियन कार्यालय से मुख्य गेट तक सभी जवान लाइन में खड़े थे। जैसे ही आईपीएस डा. असित अपने कार्यालय से निकले सभी ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। आईपीएस ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया और उनसे मिले। इसके बाद बटालियन कार्यालय के मुख्य गेट पर गार्ड ने सलामी दी। उन्होंने अपनी पूरी टीम जिसमें एएसपी, डीएसपी, एसएचओ, आइओ से लेकर हर जवान के साथ बात की। इस दौरान कई अधिकारी भावुक हो गए। बडी बडी मालाये गुलदस्तो से एक पूरी गाडी भर गई बटालियन व पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पहली बार इतना भव्य विदाई समारोह हुआ है।

# स्वतंत्रता का संघर्ष किसी एक धर्म,एक प्रांत या एक समूह ने नही भारत के जनमानस ने एक जुट होकर लड़ा - डॉ. ईश्वरचंद करकरे

महेंद्र शर्मा उप संपादक
पुष्पांजलि टुडे

देश के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश की 122 वर्ष पुरानी मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा (सम्बद्ध ̄ अखिल भारतीय साहित्य परिषद्)ग्वालियर में ध्वजारोहण और परिचर्चा का भव्य एवं गरिमापूर्ण आयोजन बहुत धूमधाम से सम्पन्न हुआ इस आयोजन के मुख्यातिथि सुप्रसिद्ध इतिहासकार, संगीतकार साहित्यकार एवं स्वतंत्रता के भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले परिवार से संबंध रखनेवाले डॉ. ईश्वरचंद रामचंद्र करकरे रहे तथा अध्यक्षता सभा अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव ने की कार्यक्रम में सभा के पुस्तकालय मंत्री डॉ लोकेश तिवारी एवं कोषाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी का विशेष सान्निध्य सभा को प्राप्त हुआ मुख्य अतिथि के रूप में श्रोताओं को संबोधित करते हुए डॉ. ईश्वरचंद करकरे ने कहा कि ढ्ढ÷ भारत की स्वतंत्रता का संघर्ष केवल एक प्रांत,एक धर्म या किसी एक समूह या एक वर्ग ने नहीं वल्कि सम्पूर्ण भारत की सभी जाति, धर्म और समाज ने एक जुट होकर लड़ा 7 इसी क्रम मे आगे संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कि- ÷ आज भी देश के सामने बहुत चुनौतियां हैं, जिनका सामना पूरे भारत को एक जुट होकर करना है तभी हम भारत को 15 अगस्त 2047 तक भारत को अखंड भारत और हिंदू राष्ट बना पायेंगे सभा के अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव ने भी अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा, कि -÷ आज देश को स्वतंत्रता 77 वें साल हो गये हैं इस अवधि में देश ने जो प्रगति की है उसमें देश के सभी वर्गों का महत्वपूर्ण योगदान है आज हम दुनियां की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या वाली शक्ति है और अब हमारा यह संकल्प होना चाहिए कि देश आगामी 15 अगस्त 2047 का स्वतंत्रता दिवस मनाने तक आखंड और दुनिया की सबसे ताकतवर देश बने और विश्व गुरु के पद पर पुनः प्रतिष्ठित हो, इसी संकल्प के साथ अगामी पच्चीस साल की योजना बनानी चाहिए इस समारोह का प्रारम्भ राष्ट्गान ÷जन गण मन अधिनायक जय हो ÷ से किया गया सरस्वती वंदना कु. व्याप्ति उमड़ेकर ने की तथा परिचर्चा में मुख्य अतिथि डॉ. ईश्वरचंद करकरे,सभा अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव के अलावा दिलीप मिश्रा,(सभा के पूर्व उपाध्यक्ष) आशा जैन, डॉ.मंदाकिनी शर्मा (सभा की साहित्य मंत्री), कु. व्याप्ति उमड़ेकर, सहित अनेक युवा वक्ताओं ने भी संबोधित किया इस आयोजन में सभा में राकेश पांडेय, अशोक कौल सहित अनेक गणमान्य श्रोताओं ने भाग लिया आयोजन की समाप्ति के पूर्व वंदेमातरम गीत संगीतमय डॉ. ईश्वरचंद करकरे ने प्रस्तुत किया अंत में आभार सभा की साहित्य मंत्री डॉ.मंदाकिनी शर्मा ने अपने संशोधन से व्यक्त किया





# 5000 का ईनामी हत्या आरोपी बदमाश थाना उमरी पुलिस की गिरफ्त में

महेंद्रशर्मा उप संपादक
पुष्पांजलि टुडे

उमरी भिंड मुखबिर सूचना पर उमरी पुलिस द्वारा ग्राम कचनाब कला से हुई आरोपी की गिरफ्तारीपुलिस अधीक्षक महोदय श्री मनीष खत्री अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव पाठक जी, एसडीओपी मुख्यालय पूनम थापा के नेतृत्व में आज दिनांक को थाना उमरी पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी को ग्राम कचनाव कला से गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार शुदा आरोपी तथा उसके साथियों ने दिनांक 17-06-23 को पुरानी पुरानी रंजिश पर से कमल सिंह यादव निवासी रूर की लाठी डंडों से मारपीट कर मरणासन्न कर दिया जिससे ईलाज के दौरान कमल सिंह की मृत्यु हो गई थी जिस पर थाना



उमरी में आरोपी गणों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 149/23 धारा 307,365,294,147,148 भादवि का पंजीबद्ध किया जाकर दौराने विवेचना धारा 302 भादवि का ईजाफा किया गया आरोपी घटना दिनाक से फरार था आरोपी की गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 5000 का ईनाम घोषित किया गया था । आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उमरी निरीक्षक रविंद्र शर्मा , उनि भान सिंह सिसोदिया , आर संतोष, आर राहुल तोमर, आर यशवेंद्र की मुख्य भूमिका रही ।

# रोटरी कल्ब ग्वालियर रीगल ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

रोटरी कल्ब ग्वालियर रीगल एव शासकीय स्कूल घास मंडी मुरार के संयुक्त तत्वाधान मे महापर्व 77वे स्वतंत्रता दिवस को बहुत ही धूमधाम से क्लास 1 से 10 तक के बच्चो के साथ मनाया गया7 सभी बच्चो में देश भक्ति के गाने पर अपना शानदार प्रसुस्ति दी लगभग 250 छात्र एव पेरेंट उपस्थित थे ।प्रत्येक 250 बच्चो को रोटरी क्लब ग्वालियर रीगल की तरफ से गिफ्ट भेट किये गए समाजसेवी राजेश त्रिपाठी एव क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन दीपक बाजपेयी का इसमे सराहनीय योगदान रहा है। रोटरी क्लब ग्वालियर रीगल से रोटे.सुधीर त्रिपाठी, रोटेरियन शशिकांत चतुर्वेदी, रोटे महेन्द्र शर्मा सभी ने मिलकर प्रिंसिपल संजीव शर्मा विनोद गुप्ता इंद्रवीर सिंह चौहान, रेखा शर्मा, गीता शाक्य सभी को सम्मान के साथ तुलसी के बृक्ष भेट किये7 कार्यक्रम के उपरांत सभी वच्चो को मिष्ठान वितरित किया है । रोटेरियन विनीता पटेरिया एव हिर्देश पाठक ने आभार व्यक्त किया7 रोटरी क्लब ग्वालियर रीगल ग्वालियर सिटी में सेवा कार्यो में सदैव अग्रणी स्थान रखता है ।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478